राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 342
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 04 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में किसानों और पुलिस में झड़प, धक्का-मुक्की
पेज 4 बसों पर ओवरलोडिंग के खिलाफ एआरटीओ की सख्ती
पेज 6 सिनर ने जीता पेरिस मास्टर्स, अल्काराज़ से छीनी विश्व नंबर-1 की

## संक्षिप्त खबरें

### भोपाल में एअर इंडिया की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**भोपाल।** भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की एक फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान दिल्ली से बेंगलुरु की ओर जा रहा था। उड़ान के दौरान पायलट को फ्लाइट के कार्गो से इमरजेंसी वॉर्निंग सिग्नल मिला था। इसके बाद पायलट ने सतर्कता बरतते हुए भोपाल एयरपोर्ट पर विमान को उतारा। भोपाल एयरपोर्ट के डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने बताया कि फ्लाइट ने रात 8.15 बजे एहतियातन भोपाल में लैंड किया था। यह एक सामान्य प्रक्रिया होती है, जब पायलट को सिस्टम में कुछ अनयूजुअल लगता है।

### कुरुक्षेत्र में ट्रक में घुसी कार, 3 की मौत

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में शादी समारोह से लौट रहे कैटरिंग स्टाफ की गाड़ी सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। इस टक्कर में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हो गए। 4 घायलों को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसा आज सुबह करीब साढ़े 4 बजे हुआ। मृतकों की पहचान संजीव कुमार, पवन कुमार और पवन के रूप में हुई है। ये सभी जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले की तहसील सुंदरबनी के सैयानी गांव के रहने वाले थे। तीनों ने कल भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान और पद्मश्री रानी रामपाल की शादी में कैटरिंग का काम किया था।



### हैप्पी मॉर्निंग


एक सहेली ने दूसरी सहेली से कहा - मेरे पति मुझे बहुत प्यार करते हैं,
कहते हैं कि तुम ही सात जन्मों तक मेरी पत्नी रहो।
दूसरी सहेली बोली- ये मर्द ऐसे ही होते हैं, सातवें जन्म से आगे के लिए किसी और को बोल रखा होगा...!!!



### शायरी

गुमशुदगी ही अस्ल में यारो
राह-नुमाई करती है
राह दिखाने वाले पहले बरसों
राह भटकते हैं

### अर्थसार



सेंसेक्स:
83,978.49
+39.78 (0.047%)
निफ्टी:
25,763.35
+41.25

### मौसम



अधिकतम : 28 डिग्री से0
न्यूनतम : 18 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 6 : 37
सूर्यास्त मंगलवार : 5 : 40

# तेलंगाना के रंगारेड्डी में बस-डंपर की टक्कर , 19 लोगो की मौत

**20 घायल, लोग गिट्टी के नीचे दबे, शवों को निकालने के लिए बस काटनी पड़ी**







**रंगारेड्डी।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह हैदराबाद-बीजापुर हाईवे पर गिट्टी से लदे डंपर ने तेलंगाना रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बस को टक्कर मार दी। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक 10 महीने का बच्चा, 10 महिलाएं और दोनों वाहनों के ड्राइवर शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि 20 लोग घायल हैं। सभी का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। यह हादसा हैदराबाद से लगभग 60 किलोमीटर दूर चेवेल्ला पुलिस स्टेशन क्षेत्र में खानपुर गेट के पास हुआ। यह बस विकाराबाद जिले के तंदूर से हैदराबाद जा रही थी। गलत दिशा से आ रहे डंपर ने बस को सामने से टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस बुरी तरह डैमेज हो गई और डंपर पर लदी गिट्टी बस के अंदर यात्रियों पर जा गिरी। इससे कई यात्री दब गए। घटना के दिल दहला देने वाले वीडियो सामने आए, जिनमें गिट्टी में दबे यात्री मदद के लिए पुकारते दिखे।

पुलिस और बचावकर्मी लोगों को बाहर निकालने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे थे। बचाव दल को शवों को निकालने के लिए बस को काटना पड़ा। ड्राइवर और उसकी सीट के पीछे का हिस्सा टक्कर में सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। यहां बैठे अधिकांश यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई।

### तेलंगाना सरकार ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

हादसे पर तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने दुख जताया। तेलंगाना सीएमओ ने एक्स पर बताया कि सीएम रेड्डी ने अधिकारियों को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए और समय-समय पर हादसे की डिटेल अपडेट के साथ मांगी है।

मुख्यमंत्री ने चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी को हादसे में घायल लोगों को तुरंत हैदराबाद पहुंचाने और उन्हें बेहतर इलाज की व्यवस्था करने का आदेश दिया है। सरकार ने घायल, उनके रिश्तेदारों या परिवार के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9912919545 और 9440854433 जारी किए हैं।

### नेशनल हाईवे पर भीषण जाम लगा

हैदराबाद-बीजापुर नेशनल हाईवे पर इस हादसे के कारण भीषण जाम लग गया। चेवेल्ला-विकाराबाद रूट पर वाहनों को रोके जाने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस स्थिति को काबू करने और यातायात को डायवर्ट करने की कोशिश कर रही है।

# जयपुर : डंपर ने 17 वाहनों को रौंदा, 14 की हुई मौत

**कार मालिक से हुई थी कहासुनी, सीआई समेत 3 सस्पेंड**



**जयपुर।** जयपुर में तेज रफ्तार डंपर ने एक के बाद एक 17 गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में कई के शरीर टुकड़ों में बंट गए। किसी का पैर कट गया तो किसी का हाथ। हादसे में 12 घायल हो गए। गंभीर घायलों को एसएमएस अस्पताल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि हादसा सोमवार दोपहर हरमाड़ा के लोहा मंडी पर हुआ।

दोपहर करीब 1 बजे डंपर आरजे-14 जीपी 8724 लोहा मंडी पेट्रोल पंप की तरफ से रोड नंबर -14 से हाईवे पर चढ़ने के लिए जा रहा था।

इस दौरान उसने गाड़ियों को टक्कर मार दी। लोगों ने डंपर ड्राइवर को मौके से पकड़ लिया। वह नशे में था। ड्राइवर कल्याण मीणा विराटनगर का रहने वाला है, जिसका हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

पुलिस का कहना है कि हादसे से करीब डेढ़ किलोमीटर पहले एक पेट्रोल पंप के बाहर डंपर ड्राइवर की एक कार सवार से कहासुनी हुई थी। लोगों को कुचलने वाले डंपर के पीछे लिखा था- दम है तो पास कर, वर्ना बर्दाश्त कर।

उधर, देर रात डीसीपी ट्रैफिक सुमित मेहरड़ा ने ट्रैफिक पुलिस सीआई राजकिरण, एएसआई राजपाल सिंह और कॉन्स्टेबल महेश कुमार को सस्पेंड कर दिया।

### इनकी हुई मौत

गिरजा बाई (55) पत्नी भंवर सिंह निवासी रोड नंबर-17 विश्वकर्मा, सुरेश कुमार मीणा (35) पुत्र बंदी लाल मीणा निवासी टोंक, महेश कुमार मीणा (35) पुत्र धन्ना लाल मीणा निवासी टोंक, विनोद मालपानी (44) पुत्र ओमप्रकाश निवासी सुदामपुरी हरमाड़ा, भीखी बाई (50) पत्नी नागजी निवासी तालेरा बनासकाटा गुजरात, महेंद्र कुमार बुनकर (38) पुत्र भागीरथ प्रसाद निवासी बुनकरों का मोहल्ला सीपुर सीकर, भावना वर्मा उर्फ भानु (7) पुत्री दशरथ निवासी सीपुर सीकर समेत 14 की मौत हो गई। 7 अन्य मरने वालों की अभी पहचान नहीं हुई है।

**विरोध मार्च**



कोलकाता में कार्यस्थल पर हिंसा की घटनाओं के विरोध में विभिन्न अस्पतालों की नर्सें विरोध मार्च में भाग लेती हुईं।

# असम में वोटर्स की नागरिकता जांचे बिना ही होगा 'एसआईआर'

- निर्वाचन आयोग बना रहा नया मॉडल; 12 राज्यों-यूटी में आज से शुरू होगा प्रोसेस

**नई दिल्ली।** 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मंगलवार से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू होगा। इनमें से तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव हैं। असम में भी अगले साल चुनाव हैं। लेकिन, अभी वहां एसआईआर का शेड्यूल तय नहीं है।

12 राज्यों में एसआईआर के दौरान आयोग का फोकस नागरिकता की जांच पर है। सूत्रों के अनुसार असम में मतदाता सूची की गहन समीक्षा तो होगी, लेकिन नागरिकता की जांच नहीं होगी। राज्य में नागरिकता के उलझे हुए मुद्दे के बीच आयोग ये नया मॉडल तैयार कर रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर की घोषणा करते वक्त कहा था कि असम में नागरिकता को लेकर अलग प्रावधान हैं। नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। ऐसे में, असम के लिए अलग आदेश जारी होगा।

# नेपाल में बर्फ का पहाड़ टूटा, 7 पर्वतारोहियों की मौत

**5,630 मीटर ऊंची चोटी पर हादसा; लापता लोगों की तलाश जारी**

एजेंसी



**काठमांडू।** नेपाल के उत्तर-पूर्वी हिस्से में यालुंग री नाम की चोटी पर सोमवार को बर्फ का पहाड़ टूटने से 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 4 लोग घायल हो गए।

यह हादसा उस समय हुआ जब हिमस्खलन 5,630 मीटर ऊंची चोटी के बेस कैंप पर आ गया। हादसे के बाद 4 लोग लापता हैं।

मृतकों में 3 अमेरिकी, 1 कनाडाई, 1 इतालवी और 2 नेपाली नागरिक शामिल हैं। यह जानकारी डोलखा जिले की पुलिस ने दी है। यह इलाका बागमती प्रांत के रोलवालिंग वैली में आता है। पुलिस और रेस्क्यू टीमें अभी भी लापता लोगों की तलाश कर रही हैं।

### मौसम खराब होने की वजह से रेस्क्यू में देरी

नेपाली वेबसाइट हिमालयन टाइम्स के मुताबिक यह हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ। 15 लोगों की एक टीम गौरीशंकर और यालुंग री की ओर बढ़ रही थी। इस दौरान एवलॉन्च ने बेस कैंप के पास ही उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

स्थानीय वार्ड अध्यक्ष निंगगेली शेरपा ने बताया कि सुबह से ही प्रशासन को कई बार मदद के लिए सूचना दी गई, लेकिन बचाव अभियान देर से शुरू हुआ।

उन्होंने कहा कि रोलवालिंग क्षेत्र प्रतिबंधित इलाका होने के कारण हेलिकॉप्टर को उड़ान की अनुमति मिलने में देरी हुई, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन और भी धीमा पड़ गया।

पुलिस के मुताबिक नेपाल आर्मी, नेपाल पुलिस और आर्म्ड पुलिस फोर्स को खोज और बचाव अभियान में लगाया गया है। एक हेलिकॉप्टर भी भेजा गया, लेकिन मौसम खराब होने के कारण वह हादसे वाली जगह तक नहीं पहुंच सका।

# अनिल अंबानी की 7,500 करोड़ की प्रॉपर्टीज जब्त

**इसमें नवी मुंबई में 132 एकड़ जमीन, पाली हिल वाला घर समेत 40 से ज्यादा संपत्ति शामिल**



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़ी 132 एकड़ जमीन को अटैच कर दिया है।

यह जमीन धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी नवी मुंबई में है, जिसकी वैल्यू 4,462.81 करोड़ रुपए है।

इससे पहले आज ही (3 नवंबर) सुबह ईडी ने ग्रुप से 40 से जुड़ी ज्यादा प्रॉपर्टीज को अटैच किया था। इन प्रॉपर्टीज में अनिल अंबानी का पाली हिल वाला घर भी है। अटैच की गई प्रॉपर्टीज की कुल वैल्यू 3,084 करोड़ रुपए बताई गई। यानी अब तक अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप से जुड़ी कुल 7,500 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी जब्त की जा चुकी है।

ये एक्शन मनी लॉन्ड्रिंग केस में लिया गया है, जिसमें यस बैंक से लिए लोन का फंड डायवर्जन का मामला शामिल है। ईडी का कहना है कि ये पब्लिक मनी रिकवर करने के लिए जरूरी है।

प्रॉपर्टी अटैच करने का ये आदेश 31 अक्टूबर 2025 को PMLA की धारा 5(1) के तहत जारी किया गया था। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट ब्लैक मनी को रोकने के लिए 2002 में बना था। इसमें प्रॉपर्टी अटैचमेंट से लेकर कोर्ट ट्रायल तक सब कवर होता है।

# बाराबंकी में भीषण हादसा, 6 की मौत

**मरने वालों में पति-पत्नी और 1 बेटा; ट्रक की टक्कर से कार 7 फीट सिमटी**



बाराबंकी। बाराबंकी में भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। जिनमें पति-पत्नी और उनका एक बेटा शामिल हैं। घायलों में 2 की हालत गंभीर है। तेज रफ्तार अर्टिगा और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हुई है। हादसा इतना भयानक था कि 14 फीट की गाड़ी सिमटकर 7 फीट की हो गई। एयरबैग तक खुलने का मौका नहीं मिल पाया। गाड़ी में आगे बैठे लोगों के शव सीट से चिपक गए। अगले हिस्से को काटकर उनके शव के टुकड़ों को निकाला गया। जबकि पीछे बैठे लोगों का हाल भी बहुत बुरा था। घटना की सूचना मिलते ही देवा पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। जबकि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। हादसा देवा में कुतलूपुर गांव के पास हुआ। सभी मृतक और घायल बाराबंकी के फतेहपुर तहसील के हैं।

# बीकानेर में चलती ट्रेन में सेना के जवान की हत्या

**साबरमती एक्सप्रेस में अटेंडेंट ने चाकू से किया हमला, बेड शीट को लेकर हुआ झगड़ा**

**बीकानेर।** चलती ट्रेन में रेलवे अटेंडेंट ने सेना के जवान की चाकू मारकर हत्या कर दी। सेना के जवान और रेलवे अटेंडेंट के बीच बेड शीट्स को लेकर झगड़ा हुआ था। घटना लूणकरणसर से बीकानेर स्टेशन के बीच साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन की रविवार रात 11 : 30 बजे की है।

जीआरपी बीकानेर इंचार्ज आनंद कुमार ने बताया- साबरमती एक्सप्रेस में सेना का जवान जिगर कुमार चौधरी फिरोजपुर (पंजाब) से सवार हुआ था। उसे साबरमती (गुजरात) पहुंचना था। रास्ते में उसका रेलवे अटेंडेंट जुबेर खान निवासी फड़बाजार (बीकानेर) से बेड शीट को लेकर झगड़ा हो गया।

बीकानेर के लूणकरणसर आते-आते झगड़ा बढ़ गया। इस दौरान जुबेर ने चाकूबाजी की, जिससे उसका काफी खून बह गया। डिब्बे में खून ही खून हो गया। वह ट्रेन में तड़पता रहा।

आनंद कुमार ने बताया- रात करीब 12: 15 बजे ट्रेन बीकानेर पहुंची, यहां पहले से जीआरपी और रेलवे के डॉक्टर मौजूद थे। डॉक्टर ने चेक किया और जिगर कुमार को बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल रेफर किया, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।

**पॉल्यूशन**

**कहा- प्रदूषण रोकने के लिए क्या किया; दिवाली पर सिर्फ 9 एक्यूआई स्टेशन काम कर रहे थे**

# दिल्ली-एनसीआर में पॉल्यूशन, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से रिपोर्ट मांगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते पॉल्यूशन मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच एमसी मेहता केस की सुनवाई कर रही थी।

सीनियर एडवोकेट और न्यायमित्र अपराजिता सिंह ने कोर्ट को बताया कि दिवाली के दिन 37 में से सिर्फ 9 एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन ही लगातार काम कर रहे थे। उन्होंने कहा- अगर मॉनिटरिंग स्टेशन काम नहीं करेंगे तो कैसे पता चलेगा कि ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान कब लागू करना है?

CAQM को स्पष्ट डेटा और एक्शन प्लान पेश करने का निर्देश दिया जाए।

कोर्ट ने CAQM से पूछा कि दिल्ली-एनसीआर में पॉल्यूशन को गंभीर स्तर पर पहुंचने से रोकने के लिए अब तक क्या कदम उठाए हैं।

कोर्ट ने कहा कि पॉल्यूशन के गंभीर स्तर तक पहुंचने का इंतजार न किया जाए बल्कि समय रहते कदम उठाए जाएं।



### मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सीपीसीबी की है

CAQM के वकील ने कहा कि मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सीपीसीबी की है। इस पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने भरोसा दिलाया कि सभी एजेंसियां रिपोर्ट दाखिल करेंगी।

दिवाली बाद एक्यूआई 400 पार हुआ

दिल्ली में दिवाली के बाद हवा की गुणवत्ता में तेजी से गिरावट हुई थी। CPCB के अनुसार, दिवाली के बाद दिल्ली की हवा में प्रदूषण के छोटे-छोटे कण (पीएम 2.5) का लेवल पिछले पांच सालों में सबसे ज्यादा बढ़ गया है।

दिवाली के बाद के 24 घंटों में हवा में पीएम 2.5 लेवल 488 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक पहुंच गया। त्योहार से पहले यह 156.6 माइक्रोग्राम था।

वहीं, साल 2021 में दिवाली के बाद दिल्ली में पीएम 2.5 लेवल 454.5 था।

यह 2022 में 168, 2023 में 319.7 और 2024 में 220 दर्ज किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने 15 अक्टूबर को दिवाली के दौरान दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों की सीमित बिक्री और उपयोग की अनुमति दी थी।

हालांकि कोर्ट के आदेश के खिलाफ, दिल्ली-एनसीआर में दिवाली में पूरी रात आतिशबाजी हुई।

# संपादकीय

## प्रेस की आज़ादी में बाधा



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

आजादी के बाद से भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, और प्रेस की स्वतंत्रता इस लोकतंत्र की रीढ़ मानी जाती है। संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार माना गया है, जिसमें प्रेस भी शामिल है। लेकिन वास्तविकता में प्रेस की आज़ादी पर लगातार बाधाएं आ रही हैं। सरकारी दबाव, कॉर्पोरेट हित, कानूनी जटिलताएं और डिजिटल युग की चुनौतियां प्रेस को कमजोर कर रही हैं। यह न केवल पत्रकारों की सुरक्षा को खतरे में डालता है, बल्कि जनता के सूचना के अधिकार को भी प्रभावित करता है। इस लेख में हम प्रेस की आज़ादी में आने वाली प्रमुख बाधाओं पर चर्चा करेंगे और उनके प्रभावों का विश्लेषण करेंगे।

सबसे बड़ी बाधा सरकारी हस्तक्षेप है। केंद्र और राज्य सरकारें अक्सर प्रेस को नियंत्रित करने के लिए कानूनों का दुरुपयोग करती हैं। उदाहरण के लिए, राजद्रोह कानून (आईपीसी की धारा 124ए) का इस्तेमाल पत्रकारों के खिलाफ किया जाता है। 2023 में, कई पत्रकारों को केवल सरकार की आलोचना करने पर गिरफ्तार किया गया। जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट शटडाउन और मीडिया ब्लैकआउट आम बात हो गई है। प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया और इंफॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग मिनिस्ट्री के दिशानिर्देश अक्सर प्रेस की स्वतंत्रता को सीमित करते हैं। 2021 का IT रूल्स amendment सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर सरकारी सेंसरशिप को बढ़ावा देता है, जहां सरकार तीन घंटे में कंटेंट हटाने का आदेश दे सकती है। इससे पत्रकारों में आत्म-सेंसरशिप की प्रवृत्ति बढ़ी है।

दूसरी प्रमुख बाधा कॉर्पोरेट दबाव है। मीडिया हाउस बड़े कॉर्पोरेट्स के मालिकाना हक में हैं, जो विज्ञापनों और निवेश पर निर्भर हैं। इससे %गोडफादर जर्नलिज्म उभरा है, जहां कॉर्पोरेट हितों के खिलाफ खबरें दबा दी जाती हैं। रिपब्लिक टीवी और टाइम्स नाउ जैसे चैनल अक्सर सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में दिखाते हैं। 2024 के वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत 150वें स्थान पर है, जहां कॉर्पोरेट और राजनीतिक गठजोड़ को मुख्य कारण बताया गया। छोटे मीडिया आउटलेट्स को विज्ञापन न मिलने से बंद होना पड़ता है, जबकि बड़े मीडिया हाउस सरकारी विज्ञापनों पर जीवित रहते हैं।

कानूनी बाधाएं भी कम नहीं हैं। मानहानि के मुकदमे (defamation cases) पत्रकारों को डराते हैं। सिविल और क्रिमिनल दोनों तरह के केस चलते हैं, जो वर्षों तक लटके रहते हैं। UAPA (Unlawful Activities Prevention Act) जैसे आतंकवाद विरोधी कानूनों का दुरुपयोग पत्रकारों पर होता है। 2022 में, न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को क्क के तहत गिरफ्तार किया गया, सिर्फ चीन फंडिंग के आरोप में, जो बाद में सबूतों की कमी से कमजोर पड़ा। प्रेस की आज़ादी पर यह सीधी चोट है।

डिजिटल युग में नई बाधाएं उभरी हैं। सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और ट्रोलिंग पत्रकारों को लक्ष्य बनाती है। महिला पत्रकारों को ऑनलाइन उत्पीड़न का शिकार होना पड़ता है। 2023 में, राणा अय्यूब जैसी पत्रकारों पर हजारों ट्रोल अटैक हुए। साइबर लॉ जैसे आईटी एक्ट की धारा 66 ए (हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक घोषित किया, लेकिन समान प्रावधान बने हुए हैं) का दुरुपयोग होता है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी सेंसरशिप बढ़ी है, जहां डॉक्यूमेंट्री जैसे द कश्मीर फाइल्स विवादास्पद बनीं।

पत्रकारों की सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा है। कमिटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स के अनुसार, भारत में 2014 से अब तक 20 से अधिक पत्रकार मारे गए, ज्यादातर छोटे शहरों में। गौरी लंकेश की हत्या (2017) इसका उदाहरण है। पुलिस जांच धीमी होती है, और दोषी बच निकलते हैं। इससे पत्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में खोजी पत्रकारिता से दूर हो रहे हैं।

इन बाधाओं के प्रभाव दूरगामी हैं। प्रेस की कमजोरी से भ्रष्टाचार बढ़ता है, क्योंकि जांची पत्रकारिता रुकती है। जनता को एकतरफा खबरें मिलती हैं, जो लोकतंत्र को कमजोर करती हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों में मीडिया की भूमिका विवादास्पद रही, जहां कई चैनल प्रोपेगैंडा फैलाते पकड़े गए।

समाधान की दिशा में सुधार जरूरी हैं। राजद्रोह कानून को खत्म करना, UAPA में संशोधन, और प्रेस काउंसिल को मजबूत बनाना चाहिए। पत्रकारों के लिए सुरक्षा कानून और डिजिटल सुरक्षा ट्रेनिंग आवश्यक है। मीडिया ओनरशिप में पारदर्शिता लानी होगी, ताकि कॉर्पोरेट हित प्रेस पर हावी न हों। जनता को भी मीडिया लिटरेसी सिखानी चाहिए, ताकि फेक न्यूज पहचानी जा सके।

निष्कर्षत:, प्रेस की आज़ादी लोकतंत्र की ऑक्सीजन है। बाधाओं को दूर करने से ही सशक्त भारत बनेगा। सरकार, मीडिया और समाज को मिलकर प्रयास करने होंगे। अन्यथा, सूचना का अधिकार छिन जाएगा, और लोकतंत्र खोखला हो जाएगा। प्रेस को मजबूत बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## प्रदूषण पर वोट बैंक की राजनीति से नरक बनी दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर की मिट्टी लगातार प्रदूषण और शहरीकरण की मार झेलते हुए बंजर होती जा रही है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सॉइल एंड वॉटर कंजर्वेशन (आईआईएसडब्ल्यूसी), देहरादून की रिपोर्ट में खुलासा किया था कि कई जिलों की जमीन की उर्वरता और गुणवत्ता मान्य स्तर से नीचे गिर चुकी है। किसी भी देश की राजधानी देश के आतंरिक हालात का मापदंड हो सकती है। राजधानी की हालत देख कर बाकी देश के विकास की तस्वीर का अंदाजा लगाया जा सकता है।राजधानी दिल्ली की सूरत—सीरत से पता लगाया जा सकता है शेष भारत के क्या हालात हैं। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि हर तरह के प्रदूषण के लिहाज से दिल्ली नरक बन चुकी है। दिल्ली की हवा, पानी—मिट्टी सब प्रदूषित हो चुकी है। प्रदूषण का स्तर भी भयावह हो चुका है। स्विट्जरलैंड की एयर क्वालिटी फर्म आईक्यूएआइआर की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली की हवा दिवाली के बाद तेजी से खराब हुई। पटाखों का धुआँ, वाहनों के धुएँ, निर्माण कार्य और पराली जलाने से हवा में जहरीले कण घुल गए हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक दीपावली पर दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 350 रिकॉर्ड किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। दिवाली से पहले सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में सिर्फ ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दी थी और समय-सारिणी तय की थी। दिल्ली-एनसीआर के शहरों में पटाखों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जमकर धज्जियां उड़ीं। सुप्रीम कोर्ट ने रात आठ बजे से 10 बजे तक ग्रीन पटाखों की अनुमति दी थी, लेकिन लोगों ने आधी रात के बाद तक भी जमकर पटाखे फोड़े, जिसके चलते हवा को दमघोंटू बना दिया।

दिल्ली सरकार और प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियां अब आपातकालीन कदमों पर विचार कर रही हैं, जिनमें स्कूल बंद करना, निर्माण कार्य रोकना और वाहनों के उपयोग को सीमित करना शामिल हो सकता है। दिल्ली के लोग वायु प्रदूषण के कारण कई बीमारियों से पीड़ित हैं, जिनमें सांस की बीमारियां (अस्थमा, ब्रॉन्काइटिस, निमोनिया), हृदय रोग (हार्ट अटैक, स्ट्रोक), और जोड़ों की समस्याएं (गठिया) शामिल हैं। प्रदूषण से फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी आ रही है और जीवन प्रत्याशा भी कम हो रही है। पहले माना जाता था कि वायु प्रदूषण सिर्फ सांस की बीमारियों का कारण बनता है, लेकिन अब विशेषज्ञों ने यह साफ कर दिया है कि पीएम 2.5 जैसे सूक्ष्म प्रदूषक शरीर के अंदर सूजन पैदा करके हड्डियों और जोड़ों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

# भारतीय महिला क्रिकेट : नई उड़ान, नई संभावना को सलाम

-ललित गर्ग-



2 नवंबर 2025 का रविवार भारतीय खेल जगत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो गया। यह वह दिन था जब नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकेडमी मैदान न केवल एक विश्व कप का साक्षी बना, बल्कि भारतीय महिला शक्ति की अजेय प्रतिभा और जज्बे का भी प्रमाण देखा। शेफाली वर्मा ने 87 रन की पारी खेल कर विश्वकप को भारत के नाम कराने में अमूल्य योगदान दिया। शेफाली की यह पारी आत्मविश्वास से भरी होने के साथ-साथ सनसनीखेज पारी रही। इसी के साथ स्मृति मंधाना ने अपना सर्वश्रेष्ठ देते हुए भारत के लिये सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी। उनकी टाइमिंग एवं कंवर ड्राइव ने सबका दिल जीत लिया। वैसे टीम का हर खिलाड़ी इस आश्चर्यकारी जीत के लिये बधाई का पात्र है। निश्चित ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 अपने नाम कर ऐसा इतिहास रचा, जो न केवल खेल का अध्याय है बल्कि सामाजिक परिवर्तन और नारी सशक्तिकरण की प्रेरक गाथा भी है। विश्व विजेता बनने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट की टीम की चर्चा दुनिया के हर कोने में हो रही है।

यह जीत केवल एक ट्रॉफी भर नहीं, बल्कि उस नारी शक्ति का उद्घोष है जो वर्षों से अपने अस्तित्व को साबित करने में लगी थी। भारतीय बेटियों ने मैदान में यह दिखा दिया कि अब 卐खेल卐 सिर्फ पुरुषों का क्षेत्र नहीं रहा, यह वह मंच है जहां नारी की प्रतिभा, रणनीति, धैर्य और आत्मविश्वास अपनी सर्वश्रेष्ठ अभिव्यक्ति पा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए कहा कि 卐यह केवल क्रिकेट की जीत नहीं, बल्कि भारत की नारी शक्ति, परिश्रम और आत्मविश्वास की जीत है।卐 सच भी यही है कि यह विजय भारत की नई महिला चेतना का प्रतीक है, वह चेतना जो अब हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रही है। अब भारतीय महिलाओं को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए और यह बात उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत को हासिल करके साबित किया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार महिला वनडे विश्व कप अपने नाम कर ऐतिहासिक जीत हासिल की है। भारत और दक्षिण-अफ्रीका का फाइनल विश्व कप मैच सदा के लिए इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों के साथ अतीत के पन्नों में दर्ज हो गई है। हरमनप्रीत की कप्तानी में महिला क्रिकेट टीम ने यह यादगार जीत हासिल की है। इससे पहले मिताली राज की कप्तानी में महिला क्रिकेट टीम 2005 और 2017 में फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन यहां आकर ट्रॉफी हाथ से फिसल गई थी। भारतीय महिला टीम ने टॉस हारने के बाद भी बल्लेबाजी के लिए उतरी और 298 रन बनाए। साउथ अफ्रीक की टीम इस आंकड़े को छू नहीं पाई, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर 47 साल के इंतजार को खत्म किया।

इस महान सफलता के पीछे आईसीसी अध्यक्ष जय शाह की दूरदर्शी नीतियों और नेतृत्व का भी बड़ा योगदान है। उनके कार्यकाल में महिला क्रिकेट को वह सम्मान और अवसर मिले जिसकी वह वर्षों से हकदार थी। जय शाह ने न केवल संरचनात्मक सुधार किए बल्कि महिला क्रिकेट के लिए आधारभूत ढांचे, सुविधाओं और प्रोत्साहन योजनाओं को नई दिशा दी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि जब नेतृत्व में दृष्टि होती है, तो इतिहास बदलता है। इस विश्व कप में भारतीय खिलाड़ियों ने अपने खेल से दुनिया को चकित किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जिस साहस और सूझबूझ से टीम का नेतृत्व किया, वह प्रेरणा का विषय है। उनके बल्ले से निकले हर रन ने नारी शक्ति की धुन गाई। स्मृति मंधाना की क्लासिकल बल्लेबाजी ने विपक्षी गेंदबाजों को बेहाल कर दिया, जबकि युवा खिलाड़ी शैफाली वर्मा की आक्रामकता ने नई पीढ़ी की ऊर्जा को स्वर दिया। गेंदबाजी में रेणुका ठाकुर और पूजा वस्त्राकर की सटीक लाइन-लेंथ ने टीम को हर मुश्किल समय में संभाला, वहीं स्पिनर दीप्ति शर्मा ने अपनी जादुई गेंदों से विरोधियों के हौसले पस्त किए। इस टूर्नामेंट में भारत की फील्डिंग और फिटनेस भी अप्रतिम रही, जो यह दर्शाती है कि अब भारतीय महिला क्रिकेट केवल तकनीक नहीं, बल्कि रणनीति और समर्पण के सर्वोच्च मानकों पर खड़ी है। महिला क्रिकेट खिलाड़ी नवीन क्षमताओं की नई उड़ान भरते हुए हर मन की मुराद पूरी कर रही है। यह जीत केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय खेल संस्कृति में परिवर्तन की दिशा का प्रतीक है। आज भारत की बेटियां छोटे कस्बों और गाँवों से निकलकर विश्व मंच पर चमक रही हैं। यह उस सामाजिक परिवर्तन का परिणाम है जिसमें परिवार, समाज और सरकार ने नारी खेल प्रतिभा को अवसर देना शुरू किया है।


महिला विश्व कप 2025 ने यह सिद्ध कर दिया कि अब भारत में खेल सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं, यह राष्ट्रीय चेतना और गौरव का हिस्सा बन चुका है। यह नारी स्वाभिमान, श्रम और संघर्ष की कहानी है। क्रिकेट अब केवल पुरुषों की लोकप्रियता का प्रतीक नहीं रहा, बल्कि महिलाओं की असाधारण योग्यता का उत्सव बन गया है। भारत की यह जीत उस भविष्य की ओर इशारा करती है जहाँ खेल, लिंग भेद से परे, केवल प्रतिभा और परिश्रम के आधार पर सम्मान पाएगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की यह ऐतिहासिक विजय केवल कप जीतने की कहानी नहीं है, यह उस भारत की घोषणा है जो अपनी बेटियों को आगे बढ़ाने का साहस रखता है। यह जीत हर उस लड़की की प्रेरणा है जो गली के मैदान में क्रिकेट बैट थामे सपना देखती है कि एक दिन वह भी भारत के लिए खेलेगी। यह स्वर्णिम विजय हमें यह संदेश देती है कि भारत की नारी अब हर क्षेत्र में खेल बदलने के लिए तैयार है। जय शाह जैसे सक्षम नेतृत्व और खिलाड़ियों की प्रतिभा से सुसज्जित यह टीम आने वाले समय में विश्व क्रिकेट का नया अध्याय लिखेगी, जहाँ हर शॉट में आत्मविश्वास होगा, हर गेंद में संकल्प, और हर जीत में भारत की बेटियों की दमकती मुस्कान। भारत की बेटियाँ अब सिर्फ खेल नहीं रही हैं बल्कि वे इतिहास रच रही हैं।

देश पर छा रहे अनेकानेक उजालों के बीच महिला विश्व कप 2025 रूपी उजाला देशवासियों को प्रसन्नता का प्रकाश दे गया। संदेश दे गया कि देश का एक भी व्यक्ति अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वह शिखर पर पहुंच सकता है। विश्व को बौना बना सकता है। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकता है। महिलाओं की इस करिश्माई उपलब्धि के बाद अखबारों के शीर्ष में यह समाचार छपा और सबको लगा कि शब्द उन पृष्ठों से बाहर निकलकर नाच रहे हैं। भारतीय महिला खिलाड़ियों ने खिलाड़ीपन के लम्बे रन-अप को पल-पल जीया है। इस दौरान बहुत कुछ पीया है तभी वे विश्व विजेता बनी। वरना यहां तक पहुंचते-पहुंचते कईयों के घुटने घिस जाते हैं। एक बूंद अमृत पीने के लिए समुद्र पीना पड़ता है।

सम्मान, पदवी, उपाधियां, अलंकरण बहुतों को मिलते हैं पर सही सीने पर सही तमगा और सही नाम के आगे सही सम्बोधन कभी-कभी लगता है। जैसा महिला विश्व कप 2025 की भारतीय महिला खिलाड़ियों के सीनों पर लगा है। जब भी कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो करोड़ों के मन में एक संकल्प, एक एकाग्रता का भाव जाग उठता है और कई अर्जुन पैदा होते हैं। अपने देश में हर बल्ला उठाने वाला अपने को गावस्कर, तेंगुलकर विराट कोहली, रोहित समझता है, हर बॉल पकड़ने वाला अपने को कपिल-अर्शदीप, बुमराह समझता है। हॉकी की स्टिक पकड़ने वाला हर खिलाड़ी अपने को ध्यानचंद, हर टेनिस का रेकेट पकड़ने वाला अपने को रामानाथन कृष्णन समझता है। और भी कई नाम हैं, मिल्खा सिंह, पी.टी. उषा, प्रकाश पादुकोन, गीत सेठी, जो माप बन गये हैं खेलों की ऊंचाई के। आज शेफाली हो स्मृति या फिर जेमिमा हो या दीप्ति आज माप बन गयी है और जो माप बन जाता है वह मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ स्थिति है। यह अनुकरणीय है। जो भी कोई मूल्य स्थापित करता है, जो भी कोई पात्रता पैदा करता है, जो भी कोई सृजन करता है, जो देश का गौरव बढ़ाता है, जो गीतों में गाया जाता है, उसे सलाम। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सलाम।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3700




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में दुः उपयोग नहीं किया जा सकता।

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 3699 का हल



## हंसी के फूव्वारें

कठघरे में खडे चोर से जज ने कहा, 'अजीब बात है, जब मैं वकील था तो तुमने मुर्गी चुरायी, जब मैं सरकारी वकील बना तो तुमने एक बकरी चुरायी और आज जब मैं जज बन गया हूं तो तुमने एक भैंस चुरायी आखिर ऐसा क्यों?'

चोर - हुजूर, वजह बहुत साफ है, आपके साथ-साथ मैने भी तरक्की की है.

□ □ □

मीना (रीना से) - बिना बांहों का स्वेटर तुम कितने दिनों में बना सकती हो.

रीना (मीना से)- यह तो रिश्ते पर निर्भर करता है. यदि स्वेटर प्रेमी का है तो दो दिन में, जीजा का है तो सात दिन में और यदि पति का है तो दो महीने भी लग सकते हैं.

□ □ □

एक भिखारी को बैंक में घुसते देखा चौकीदार बोला, 'अरे-अरे बाबा आगे जाओ यहां कुछ नहीं मिलेगा.'

भिखारी (चौकीदार से)- अरे भैया, मैं यहां कुछ लेने नहीं अपना पैसा जमा कराने आया हूं.

□ □ □

पत्नी (पति से)- कितनी बार कहा है कि अपने बालों में खिजाब लगाओ, बुड्ढे नजर आते हो.

पति (पत्नी से)- अरे भाग्यवान! अगर मैंने बालों में खिजाब लगा लिया तो लड़कियों से बेधड़क बात नहीं कर पाऊंगा.

## फिल्म वर्ग पहेली - 3700



### बायें से दायें:-

१. अभिषेक, करीना की 'जिसे तू ना मिला उसे कुछ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कितनी खूबसूरत ये' गीत वाली अमिताभ, विनोद, राखी की फिल्म-४
६. 'दिल विल प्यार व्यार' में आर. माधवन के साथ नायिका-३
७. सनी, प्रीति जिंटा की 'देखें भी तो क्या देखें' गीत वाली फिल्म-२
८. 'कैसी है दिल की लगी' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१०. फिल्म 'ताजमहल' में प्रदीपकुमार की नायिका कौन थी?-२
१२. 'दिल में जागी धड़कन' गीतवाली लक्कीअली, गौरी की फिल्म-२
१४. 'माया मेमसाब' में शाहरूख के साथ नायिका कौन थी-२
१५. अजय देवगन, रवीना की 'एक से लेकर दस तक' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'लिखे जो खत तुझे' गीत वाली शशिकपूर, आशापारेख की फिल्म-४
२१. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज मदहोश हुआ जाए रे' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
२५. मनोज वाजपेयी, तब्बू की 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. फिल्म 'इंडियन' में शिल्पा शेट्टी के साथ नायक कौन था?-२
२७. फिल्म 'बँबई से आया मेरा दोस्त' की नायिका कौन थी?-२
२९. 'आज फिर तुम पे प्यार आया है' गीत वाली फिल्म-४
३१. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
३३. नसीर, अतुल, पूजाभट्ट की 'आज हमने दिल का' गीत वाली फिल्म-२
३४. 'गम का फसाना बन' गीत वाली फिल्म-४

### ऊपर से नीचे:-

१. 'शरारत' में अभिषेक की नायिका?-३
२. 'अजनबी' में राजेश की नायिका?-३
३. अरशद, मयूरी कांगो की 'गुनगुनाती हुई इक नदी' गीत वाली फिल्म-३
४. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
५. सनी, सुनील, शिल्पा की 'शाम भी खूब है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
९. संजय कपूर, जूही चावला की 'प्यार में दिल का' गीत वाली फिल्म-३
११. 'दूल्हा-दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली अमिताभ, हेमा की फिल्म-३
१३. 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'तू ही तू सतरंगी' गीतवाली फिल्म-२,१
१६. राज कुमार, हेमा, शत्रुघ्न, विजयेंद्र, मिथुन की १९८४ की एक फिल्म-३
१८. चंद्रचूड़सिंह, महिमा की फिल्म-२
१९. मिलिंद, विक्रम सलूजा, किरण की 'चंदा की चांदनी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'जैसे इक चाँद का टुकड़ा' गीत वाली सनी, अनिल, किमी की फिल्म-४
२२. 'बॉक्सर भाई' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'चंपई धूप के साये' गीतवाली फिल्म-२
२६. 'आँखों में नींदें ना दिल में करार' गीत वाली फिल्म-३
२८. संजय कपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'ये कैसा है शहर' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'कसूर' में आफताब शिवदासानी के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली - 3699




## सूडोकु -3700



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3699 का हल



## शब्द पहेली - 3700



### बाएँ से दाएँ

1.पक्षियों का शोर-4
3.मुठभेड़,भिड़ंत-4
5.क्रोधित होवा-5
8.लाश,पार्थिव देह-2
10.नवीन-2
11.सरिता-2
12.संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13.दोजख,नर्क-3
15.नमकीन लवण-3
17.बेकार-3
18.आंचल-3
20.फायदा,लाभ-2
21.चिट्ठी,पत्र-2
22.जी,चित-2
24.संपूर्ण-2
26.कुचलना,दबाना-3
28.दाड़म,एक फल-3
30.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32.खिचड़ी,पुलाव-3
34.मां,आई-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.सौतन-2
38.लीन-2
39.चमकीला-5
40.नसीब,किस्मत-4
41.चुनौती-4

### ऊपर से नीचे

1.दलाली-4
2.स्वदेश,जन्मभूमि-3
3.दौंडी पीटना-3
4.बेमिसाल-4
6.इसमें तलवार रखते हैं-3
7.मापदंड,आदर्श-3
9.इच्छित वस्तु-4
12.जीरक,कणिका-2
14.थोड़ा,जरा-2
16.आनंद-2
17.क्रोधित,रुष्ट-2
19.अदा-3
20.पति की बहन-3
23.मन को हरने वाला-4
24.निष्कर्ष-2
25.उम्मीद-2
27.वोट,अभिमत-2
28.धरोहर,थाती-4
29.रिश्ता-2
30.नकद राशि,रोकड़-3
31.संधिपत्र,मसविदा-3
33.रीति अनुसार-4
35.अदृढ,तर्कहीन-3
37.द्रव पदार्थ-3

शब्द पहेली -3699 का हल



# नोएडा में किसानों और पुलिस में झड़प, धक्का-मुक्की

**81 गांवों के 200 किसानों का हल्ला बोल; बोले- हमें हल्के में मत लेना**





**नोएडा।** नोएडा में भारतीय किसान यूनियन का 5वें दिन भी धरना जारी है। 81 गांवों के 200 किसान सोमवार को विकास प्राधिकरण पहुंचे। दो बार बातचीत फेल होने के बाद आज फिर पंचायत शुरू हुई। किसानों ने प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ लगभग तीन घंटे तक बातचीत हुई। लेकिन किसानों की मांग को लेकर प्राधिकरण में सहमति नहीं बन पाई है। इस बीच प्रदर्शन कर रहे किसानों की पुलिस से झड़प और धक्का-मुक्की भी हुई। जिससे आक्रोशित किसानों ने प्राधिकरण के गेट से जबरन घुसने की कोशिश की।

### किसान बोले- मांगे मानो, नहीं तो डटे रहेंगे

इस पर भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने कहा- नोएडा प्राधिकरण किसानों को हल्के में लेने की भूल नहीं करें। प्राधिकरण से इस बार किसान अपना हक लेकर ही वापस जाएंगे। इस बार किसान आश्वासनों पर धरना खत्म नहीं करेगा। चाहे धरना कितना भी लंबा क्यों ना चलाना पड़े।

विमल त्यागी ने कहा- किसान पीछे नहीं हटेंगे और पहले ही घोषणा कर दी थी कि आज सोमवार को नोएडा प्राधिकरण पर पंचायत होगी और इसमें निर्णय लिया जाएगा कि आगे धरने को किस प्रकार चलाया जाए।

फिलहाल पुलिस ने किसानों को समझाया है। जिसके बाद किसान दल शांत होकर फिर से धरने पर बैठ गया है।

सब कहना है कि हमें सीईओ से ही मिलना है। जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाएगी, धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

साथ ही चेयरमैन से मिलने का समय दिया जाए। धक्का-मुक्की के बाद शांति से किसान पंडाल में बैठ गए है।

धरना स्थल पर ही प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर, अरविंद कुमार, डीजीएम विजय रावल मौके पर मौजूद हैं।

### ये हैं किसानों की प्रमुख मांगें

आबादी की जमीन का जल्द निस्तारण
अधिगृहीत जमीन का 64 प्रतिशत बढ़ा मुआवजा
प्रभावित परिवारों को स्थायी रोजगार
10 प्रतिशत और 5 प्रतिशत आवासीय प्लॉट का आवंटन

# नोएडा प्राधिकरण ने 25 करोड़ की जमीन मुक्त कराई

## 30 से 40 लोग कर रहे थे अवैध निर्माण, पुलिस को दी शिकायत

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने सोमवार रात अवैध निर्माण कर रहे करीब 1800 वर्गमीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। यहां 30 से 40 अराजक लोगों ने प्राधिकरण का बोर्ड हटाकर अपना बोर्ड लगा लिया। प्राधिकरण ने इस मामले में सेक्टर-126 में शिकायत दी। पुलिस बल के साथ मौके पर जेसीबी लेकर पहुंचे और अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। जमीन की कीमत करीब 25 करोड़ आंकी जा रही है।

दरअसल ये जमीन ग्राम रोहिल्लापुर की खसरा नंबर 167 और 168 का हिस्सा है। यहां पवन राघव और उनके साथियों के द्वारा अराजकता दिखाते हुए इसे खसरा नंबर 507 और 508 का हिस्सा बता कर यहां अवैध निर्माण शुरू कर दिया।

प्राधिकरण को जानकारी मिलते ही उन्होंने जेसीबी की मदद से यहां अवैध निर्माण को ध्वस्त किया और जमीन को कब्जे में लिया।

प्राधिकरण ने बताया कि अराजकतत्वों अवर अभियंता हरेंद्र सिंह मलिक और लेखपाल शरद कुमार संयुक्त रूप से सेक्टर-126 में शिकायत दी। पुलिस बल के सहयोग से यहां अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। इस जमीन की कीमत करीब 25 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

## कहासुनी के बाद गांव में दो पक्षों में मारपीट

**नोएडा।** निठारी गांव में मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में गाली-गलौज और मारपीट हुई। दोनों पक्षों की ओर से सेक्टर-20 थाने में शिकायत दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। निठारी गांव निवासी नीरज कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कोमल उसकी दुकान पर आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। उसने जब इस बात का विरोध किया तो उसने अपने भाई अनिल, दीपक और पिता ओम को बुला लिया। सभी ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

# नोएडा में 267 गज के प्लॉट पर फर्जीवाड़े से कब्जा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति की जमीन फर्जी कागजात तैयार कर हड़पने का मामला सामने आया है। मकनपुर खादर गांव निवासी जय भगवान की शिकायत पर सोमवार को कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित जय भगवान ने बताया कि गांव में उनकी और उनके परिवार की करीब पांच बीघा जमीन है।

आरोप है कि वर्ष 2023 में गांव के ही सुखदेव, नकुल, सहदेव, प्रेमपाल और जयप्रकाश ने उनके ताऊ और चाचा के फर्जी हस्ताक्षर कर 267 गज के प्लॉट का फर्जी विक्रय पत्र तैयार कर लिया।

कुछ समय बाद जब जय भगवान को इस धोखाधड़ी की जानकारी हुई, तो उन्होंने आरोपियों से विरोध किया। इस पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

जय भगवान का कहना है कि उन्होंने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस और फिर पुलिस के उच्च अधिकारियों से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## ग्रेटर नोएडा में कार-कैंटर में टक्कर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में रविवार देर रात सिकंदराबाद रोड पर बिलासपुर कस्बे के पास एक सड़क हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब कार सवार खेरली नहर की ओर से दनकौर कस्बे की तरफ जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार के आगे चल रहे एक कैंटर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे पीछे आ रही तेज रफ्तार कार कैंटर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार छह लोगों में से चार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को कार से बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के मुताबिक, सभी घायल बुलंदशहर जिले के निवासी हैं। वे एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। फिलहाल चारों घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। दनकौर पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही टीम मौके पर पहुंची थी। अभी तक पीड़ित परिवार की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह हादसा क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों और अचानक ब्रेक लगाने से होने वाली दुर्घटनाओं का एक और उदाहरण है।

# भारतीय किसान यूनियन 22 दिसंबर को करेगा पंचायत

## राकेश टिकैत ने जिला अध्यक्षों संग की बैठक, आंदोलन की रणनीति बनी



**गौतम बुद्ध नगर।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) यमुना प्राधिकरण के खिलाफ ग्रेटर नोएडा में एक बार फिर आंदोलन करेगा। इसी संबंध में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत आज ग्रेटर नोएडा पहुंचे और उन्होंने एक बैठक की। उन्होंने घोषणा की कि 22 दिसंबर को अपनी मांगों को लेकर ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर एक बड़ा आंदोलन होगा।

इस आंदोलन में यमुना प्राधिकरण से जुड़े सभी जिलों के किसान शामिल होंगे। यह बैठक भाकियू के कैंप कार्यालय पर आयोजित की गई थी, जिसमें यमुना प्राधिकरण से संबंधित जिलों के जिला अध्यक्ष मौजूद रहे। टिकैत ने बताया कि किसानों की टोल से जुड़ी समस्याएं, आबादी निस्तारण, 10 प्रतिशत प्लॉट और अन्य लंबित मुद्दों को लेकर यह आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान, राकेश टिकैत ने भारतीय महिला टीम को पहला विश्व कप जीतने पर बधाई दी।

उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी खिलाड़ियों की तरह अधिक सुविधाएं मिलनी चाहिए, क्योंकि देश की लड़कियों में बहुत प्रतिभा है और उन्होंने पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया है।

# सेफ्टी टैंक में गिरने से दो सगे भाईयों की मौत

## बड़े को बचाने के लिए कूदा छोटा भाई, दम घुटने पर नहीं निकल पाए बाहर




**नोएडा।** नोएडा में दो सगे भाई घर के अंदर बने सेफ्टी टैंक में गिर गए। दोनों की मौत हो गई। जबकि बचाव के लिए उतरा पड़ोसी भी बेहोश हो गया। अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल वह स्वस्थ्य है। मामला चोटपुर कॉलोनी का सोमवार दोपहर का है।

### सेफ्टी टैंक का ढक्कन टूटने से हादसा

बुलंदशहर से आए दो सगे भाई चंद्र भान (40) और राजू (26) साल चोटपुर कॉलोनी में रहते थे। चंद्र भान की शादी हो गई थी। इसलिए घर में चंद्रभान, उसकी पत्नी और छोटा भाई राजू रहता था।

दोनों ही खोड़ा नाम की जगह पर कारपेंटर का काम करते थे। सोमवार को चंद्रभान सेफ्टी टैंक पर खड़ा था। अचानक टैंक की पटिया यानी ऊपर का ढक्कन टूट गया। जिससे वो टैंक के अंदर गिर गया।

चंद्र भान को बचाने के लिए उसका छोटा भाई नीचे कूदा। तो टैंक में गिरते ही दोनों बेहोश हो गए। दम घुटने के कारण सेफ्टी टैंक से निकल भी नहीं पाए। बाद में उन्हें बचाने के लिए एक पड़ोसी हेमंत निवासी बुलंदशहर नीचे जाने लगे। गैस का फ्लो ज्यादा होने के कारण वो बाहर आ गए। लेकिन बाहर आते ही उन्हें भी बेहोशी आने लगी।

जिसके बाद तुरंत ही उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों भाइयों को बाहर निकालने के लिए कटर की सहायता से फर्श को काटा गया। फिर दोनों को बाहर निकाला गया।

तुरंत ही दोनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने चंद्रभान और राजू को मृत घोषित कर दिया है। मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

पुलिस ने बताया- डायल-112 पर सूचना मिली थी कि दो चोटपुर कालोनी के दो व्यक्ति अपने घर के सेफ्टी टैंक में गिर गए है। दोनों भाई बुलंशहर के निवासी है। इन लोगों ने चोटपुर कालोनी में मकान लिया था।

# मार्क हॉस्पिटल में ऑक्सीजन पाइपलाइन दोबारा फटी

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-66 स्थित मार्क हॉस्पिटल में सोमवार शाम ऑक्सीजन पाइपलाइन दोबारा फट गई, इससे अस्पताल में हड़कंप मच गया। इस घटना के समय कई गंभीर मरीज ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे। पाइपलाइन फटने से उनकी जान खतरे में पड़ गई। रविवार को भी इसी अस्पताल में ऑक्सीजन लाइन फटने की ऐसी ही घटना हुई थी।

24 घंटे तक मामले को दबाने की कोशिश की गई। कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

हालांकि सोमवार की शाम होते-होते सीएमओ डॉ. नरेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। कड़ा एक्शन लेते हुए अस्पताल का लाइसेंस सस्पेंड किया। अस्पताल को भी सील करवा दिया। अब अस्पताल का नए सिरे से ऑडिट होगा। उसके बाद इसके आगे संचालन पर फैसला होगा।

नोएडा के सेक्टर 66 में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल के वार्ड में रविवार दोपहर में ऑक्सीजन पाइप लाइन फट गई थी। इससे अस्पताल में अफरा-तफरी मची। तेज आवाज और धुआं होने से सभी मरीज बाहर की ओर भागे।

वार्ड में ऑक्सीजन सप्लाई भी बाधित हुई। इस घटना में वेंटिलेटर पर भर्ती 45 वर्षीय एक मरीज की मौत हो गई थी।

हालांकि मरीज की मौत के बाद परिजनों शांति से उसका शव लेकर बिजनौर वापस चले गए। उनकी तरह से इस मामले में किसी भी तरह की कोई शिकायत नहीं की गई।

# शार्ट न्यूज

## गर्भवती महिला से मारपीट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र के दयानतपुर गांव में एक गर्भवती महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। तीन माह की गर्भवती पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता पूजा ने कोतवाली में दी शिकायत में बताया कि सोमवार सुबह जब उनके पति ड्यूटी पर गए थे, तभी पड़ोस में रहने वाली अनु, उसके ससुर देवेंद्र और दो अन्य लोगों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की। पूजा के अनुसार, वह तीन महीने की गर्भवती हैं और आरोपियों की पिटाई से उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने तुरंत पूजा को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती कर लिया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पड़ोसियों से उनका पहले से विवाद चल रहा था और आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से हमला किया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पीड़िता के बयान दर्ज किए। जेवर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पूजा की शिकायत के आधार पर अनु, देवेंद्र और दो अन्य लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आने से एक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के छोलस गांव के समीप खेतों में धान को झाड़ने के दौरान ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सैंथली पुलिस चौकी प्रभारी विशाल कुमार ने बताया कि सिकंदराबाद कोतवाली क्षेत्र के किशनपुर गांव में पंकज कुमार परिवार के साथ रहता था। वह बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। छोलस गांव में दो नवंबर को वह अपने खेत पर धान झाड़ रहे मजदूरों को देखने के लिए आया था। वहां पर एक ट्रैक्टर बंद खड़ा हुआ था।वह ट्रैक्टर को स्टार्ट करने के लिए बैठ गया। ट्रैक्टर के चलने पर वह नीचे गिरकर पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। करीब दो घंटे बाद धान झाड़ रहे मजदूर ने देखा कि पंकज उनके पास दोबारा नहीं आया तो एक मजदूर ट्रैक्टर के पास पहुंचा। उसने देखा कि पंकज पहिए के नीचे दबा हुआ है। देखकर उन्होंने शोर मचाया। शोर मचाने पर आसपास के मजदूर पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में लगी है।

## वायु प्रदूषण में मामूली कमी

**नोएडा।** हवा चलने से सोमवार को शहर के प्रदूषण में मामूली कमी दर्ज की गई। हालांकि, वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में ही रहा। सुबह ही आसमान पर स्मॉग बना रहा। शाम होते ही प्रदूषण बढ़ा। नोएडा का एक्यूआई 312 अंक दर्ज किया गया। एक दिन पहले के मुकाबले एक्यूआई में 36 अंक की कमी आई। वहीं, ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 40 अंक कम होकर 300 तक पहुंच गया। नोएडा में सबसे अधिक वायु प्रदूषित स्थान सेक्टर-62 रहा। यहां का एक्यूआई 330 दर्ज किया गया। सेक्टर-125 और सेक्टर-116 का एक्यूआई भी 300 से अधिक दर्ज किया गया।सेक्टर-1 का एक्यूआई 298 रहा। वहीं, ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क फाइव का एक्यूआई सबसे अधिक 321 दर्ज किया गया। 300 से अधिक एक्यूआई वाले सभी स्थानों पर पीएम 2.5 का स्तर पीएम 10 के स्तर से अधिक रहा। पीएम 2.5 का स्तर सभी स्थानों पर 400 से अधिक दर्ज किया गया। अक्तूबर में सेक्टर-62 में प्रदूषण कम सेक्टर-62 में अक्तूबर में सबसे कम वायु प्रदूषण दर्ज किया गया, जबकि इस सेक्टर में तीन हॉट स्पॉट हैं। हालांकि, नवंबर के पहले तीन दिनों में यहां सबसे अधिक प्रदूषण रहा। इसका कारण कूड़े में आग और पहले के मुकाबले अधिक जाम को बताया जा रहा है।

## यीडा की बोर्ड बैठक सात नवंबर को होगी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) की बोर्ड बैठक सात नवंबर को होगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। इस बार बोर्ड बैठक में नोएडा एयरपोर्ट तक हाइड्रोजन बसों के संचालन, हेरिटेज सिटी समेत आवासीय भूखंड योजना समेत कई प्रस्ताव पारित होंगे। यमुना प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को अधिकारी प्रस्ताव तैयार करने में जुटे रहे। इस बार बोर्ड बैठक में सबसे अहम प्रस्ताव हाइड्रोजन बस संचालन का है। इसी माह नवंबर मध्य तक बसों का संचालन होना है। नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) की ओर से यमुना सिटी में हाइड्रोजन बसें चलाने का प्रस्ताव आया है। इससे शहर को ग्रीन ट्रांसपोर्ट के रूप में भी नई पहचान मिलेगी। एनटीपीसी शुरू में चार लग्जरी एसी बसें लगाएगी, जिनमें 45 सीटें होंगी। यह बसें एक बार हाइड्रोजन भरने पर करीब 600 किलोमीटर तक चल सकेंगी। इनमें से सिर्फ पानी की भाप निकलेगी, कोई प्रदूषण नहीं होगा। बसों का ईंधन भरना और रखरखाव एनटीपीसी ही संभालेगी, जबकि ड्राइवर और कंडक्टर की जिम्मेदारी प्राधिकरण की होगी। तीन वर्ष के इस पायलट प्रोजेक्ट में यदि सफलता मिली तो भविष्य में दिल्ली-एनसीआर में हाइड्रोजन बसों का इस्तेमाल बढ़ाया जा सकेगा।

## कार पार्किंग के विवाद में दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष

**नोएडा।** सेक्टर-70 स्थित बसई गांव में रविवार रात कार पार्किंग को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के चार-चार लोग घायल हो गए। फेज-तीन थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर चार-चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बसई गांव निवासी श्याम सुंदर ने पुलिस को बताया कि दो नवंबर की रात 10 बजे भांजा नितिन एक शादी समारोह में शामिल होकर घर आ रहा था। घर के निकट निकट गली में सड़क किनारे कार खड़ी करने लगा। पड़ोस में शटरिंग का काम करने वाले आदिल, अलताफ, सद्दमाम और गुलफाम मोरना गांव के रहने वाले हैं।तभी चारों मिलकर नितिन से कार खड़ा करने के लिए मना किया। भांजे ने कुछ देर बाद कार हटाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने नितिन के साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। उसे बचाने पहुंचे अमित, कुलदीप और रोहित के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। चोरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, मोरना निवासी हमीद खान ने पुलिस को बताया कि रात करीब 10 बजे शटरिंग की दुकान में नितिन कार खड़ी करके जाने लगा।

# नोएडा में निवेश के नाम पर 22 लाख की ठगी

## शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर वॉट्सऐप ग्रुप से जोड़ा, रुपए लेने के बाद निकाला

**नोएडा।** सेक्टर 10 में एक फर्नीचर बिजनेस मैन के साथ में साइबर ठगों शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर 22 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित को एक महिला ने मैसेज कर साइड बिजनेस करने की सलाह दी। साथ ही एक वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़ लिया। यहां पर महिला ने पीड़ित को कई दिनों तक शेयर ट्रेडिंग की ट्रेनिंग दिलाई और स्टॉक, ओटीसी, म्यूचुअल फंड व आइपीओ में निवेश करने पर डबल मुनाफा होने की जानकार दी। पीड़ित ने अपने नाम से एक खाता ओपन किया और पहली बार में ही 2 लाख रुपए ठगों के खाते में ट्रांसफर किए।

ठगों ने कुछ मुनाफे की रकम उन्हें ट्रांसफर भी की और भरोसा होने पर पीड़ित ने कुल 15 बार में 22 लाख 76 हजार 762 रुपए ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित डबल मुनाफा होने पर रुपए निकाले की कोशिश की तो उसे ग्रुप से बाहर कर दिया गया। मामले में साइबर थाने की पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शेयर ट्रेडिंग के लिए ऐप डाउनलोड कराया

पुलिस को धीरपाल सिंह ने बताया कि इसी साल 8 अगस्त को उनके वॉट्सऐप नंबर पर एक सलोनी चौधरी नाम की महिला मैसेज की। पीड़ित से बातचीत कर काम काज के बारे में जानकारी ली। इसके बाद महिला ने उन्हें काम के साथ साइड बिजनेस करने की सलाह दी। साथ ही एक वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़ लिया। वहां से उन्हें शेयर ट्रेडिंग की ट्रेनिंग दी गई। रकम को डबल करने की बात कर पीड़ित को शेयर बाजार में निवेश करने के लिए राजी कर लिया। साथ ही ठगों ने एक ऐप भी डाउनलोड कराया। जिस पर शेयर बाजार के ट्रेडिंग दिखाई देते थे।

### टैक्स जमा करने की बात कही

जब उन्होंने 22 लाख रुपए निवेश कर दिए तो उन्हें डबल मुनाफा दिखाई देने लगा।

पीड़ित उसे निकालने की कोशिश किए तो उनसे कई प्रकार के टैक्स जमा करने के लिए कहा गया। वहीं पीड़ित ने रुपए नहीं होने की बात कही तो उन्हें ग्रुप से बाहर कर दिया। मामले में साइबर थाने की पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ग्रेटर नोएडा में ट्रक से 120 बोरी डीएपी चोरी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में एक खाद व्यापारी ने ट्रक मालिक पर डीएपी खाद के 120 बोरे चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जेवर निवासी खाद व्यापारी नरेंद्र कुमार अग्रवाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अलीगढ़ के एक ट्रांसपोर्ट के ट्रक से लगभग 600 डीएपी के बोरे दनकौर और बिलासपुर के व्यापारियों को बेचने के लिए भेजे थे। आरोप है कि ट्रक मालिक ने इस खेप में से करीब 120 बोरे चुरा लिए। इन बोरों की अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 80 हजार रुपये है। जब पीड़ित को इस मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने ट्रक मालिक मनीष गुप्ता, निवासी अलीगढ़, से संपर्क किया।

# ग्रेटर नोएडा में रिटायर्ड अधिकारी से 75 लाख की ठगी

## मुंबई पुलिस अधिकारी बनकर किया 'डिजिटल अरेस्ट', आरोपी पुणे से गिरफ्तार



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की बीटा-2 थाना पुलिस ने 75 लाख रुपए की ठगी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर बताकर डिजिटल अरेस्ट करने वाले आरोपी को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है।

### सेवानिवृत्त अधिकारी को बनाया शिकार

यह मामला अल्फा-2 सेक्टर निवासी एक सेवानिवृत्त अधिकारी से जुड़ा है। फरवरी 2024 में अधिकारी को एक व्हाट्सएप कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को मुंबई पुलिस का क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर बताया और कहा कि आपने ताइवान में एक पार्सल भेजा है, जिसमें 2 किलो ड्रग्स मिले हैं। कॉलर ने उन्हें तुरंत गिरफ्तार करने की धमकी दी और मोबाइल पर 'डिजिटल अरेस्ट' करके बातचीत जारी रखी।

इस दौरान ठगों ने ITGS (इंटरनेशनल टेक्निकल गेटवे सिस्टम) के जरिए पीड़ित के खाते से 75.57 लाख रुपए अपने खातों में ट्रांसफर कर लिए। जब अधिकारी को ठगी का एहसास हुआ, तो उन्होंने बीटा-2 पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### 47 लाख की रिकवरी, एक आरोपी फरार

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सर्विलांस और साइबर टीम की मदद से जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने जिन खातों में पैसे ट्रांसफर हुए थे, उन्हें फ्रीज कराया।

एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि जांच के आधार पर आरोपी गणेश सूर्यकांत ओटी को पुणे से गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने अब तक 47 लाख रुपए की रकम वापस पीड़ित के खाते में जमा कराई है। इस मामले में एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

# बसों पर ओवरलोडिंग के खिलाफ एआरटीओ की सख्ती, तीन बसें सीज, दो पर चालान

## अमरिया क्षेत्र में चला विशेष चेकिंग अभियान, 72,000 प्रशमन शुल्क वसूला गया

**पीलीभीत।** दिल्ली, जयपुर एवं अन्य राज्यों को जाने वाली बसों में ओवरलोडिंग और छत पर अत्यधिक सामान लादकर ले जाने की शिकायतों के बाद परिवहन विभाग की टीम ने सख्त कार्रवाई की है। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के निर्देशन में सोमवार को अमरिया क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।




अभियान के दौरान एआरटीओ एवं यात्रीकरध्मालकर अधिकारी ने मार्ग से गुजर रही बसों की सघन जांच की। जांच के दौरान तीन ऐसी बसें पाई गईं जिनमें निर्धारित क्षमता से अधिक सामान बसों के अंदर और छत पर लदा हुआ था। परमिट शर्तों का उल्लंघन करने पर इनमें से एक बस को थाना अमरिया और दो बसों को थाना गजरौला में सीज कर दिया गया।

इसके अतिरिक्त बसों की सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर दो अन्य बसों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई भी की गई।

विभाग द्वारा इन सभी प्रवर्तन कार्रवाइयों के तहत कुल 72,000 का प्रशमन शुल्क वसूला गया।परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और आगे भी ऐसे विशेष चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि ओवरलोडिंग एवं परिवहन नियमों के उल्लंघन पर अंकुश लगाया जा सके।

## अमेठी में सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**अमेठी जिला।** अमेठी में देर शाम एक तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। इस हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सुल्तानपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के नारायणपुर मोड़ के पास हुई। काशीपुर नारायणपुर गांव के 55 वर्षीय विंध्यादीन तिवारी पुत्र स्व. सदाशिव भिखीपुर से पैदल अपने घर लौट रहे थे। तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार अनुराग श्रीवास्तव पुत्र बृजेश श्रीवास्तव निवासी नदियाव, थाना जामो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) टीम मौके पर पहुंची।

## एसपी ने बुजुर्ग महिला का किया सम्मान : अपनी कुर्सी छोड़कर बुजुर्ग महिला की समस्या



**ललितपुर।** में जनसुनवाई के दौरान एसपी की दरियादिली देखने को मिली। एक बुजुर्ग महिला अपनी समस्या लेकर आई एसपी कार्यालय पर पहुंची थी। बुजुर्ग महिला को देखकर तुरंत एसपी मो0 मुश्ताक अपनी कुर्सी छोड़कर उनके पास गए और उनकी समस्या सुनी। साथ ही उनकी समस्या का निस्तारण करने का सम्बंधित को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा पुलिस कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई की जा रही थी ।जनसुनवाई के दौरान एक 75 बर्षीय बुजुर्ग महिला अपनी शिकायत लेकर पुलिस ऑफिस ललितपुर में आयीं ।उक्त बुजुर्ग महिला को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा उनके पास आकर, सर्वप्रथम उसका हाल-चाल पूँछकर उसकी समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना गया ।उक्त बुजुर्ग महिला की पारिवारिक जमीन सम्बन्धी शिकायत थी, जिसको लेकर वह शिकायत करने आयी थीं ।

## डीएम ने धान खरीद व्यवस्था की समीक्षा की

**गाजीपुर।** गाजीपुर में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को धान खरीद वर्ष 2025-26 की तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस कार्यशाला एवं प्रशिक्षण बैठक में तहसीलवार, ब्लॉकवार और संस्थानवार अनुमोदित धान क्रय केंद्रों की स्थिति पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने विपणन शाखा से धान खरीद केंद्रों की तैयारी जैसे उपकरण, बोरे, चावल मिलों की जियो टैगिंग, मिलों का सत्यापन, ई-उपार्जन पोर्टल पर डेटा फीडिंग और धान भंडारण की व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 153 धान क्रय केंद्रों को मंजूरी दी गई है। इनमें विपणन शाखा के 38, पीसीएफ के 22, पीसीयू के 71, यूपीएसएस के 13, मंडी समिति के 8 और भारतीय खाद्य निगम का 1 केंद्र शामिल है। सभी केंद्रों की जियो टैगिंग और ऑनलाइन फीडिंग पूरी हो चुकी है। इसके अतिरिक्त, जिले की 53 मिलों में से 52 का ऑनलाइन डेटा सत्यापन भी पूरा हो गया है। सभी क्रय केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक यंत्र, छनना, पावर डस्टर, ई-पॉप मशीन और आईरिस स्कैनर जैसे आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे सुबह 9 से 10 बजे के बीच ई-पॉप मशीन से अपनी उपस्थिति दर्ज करें। साथ ही, बैनर पर अंकित मोबाइल नंबर खरीद अवधि के दौरान सक्रिय रखा जाए।

# मनरेगा भुगतान न मिलने से श्रमिकों का धरना दूसरे दिन भी जारी

## बीसलपुर ब्लॉक मुख्यालय में अहिरवाड़ा गांव के श्रमिकों का अनिश्चितकालीन अनशन

**बीसलपुर।** ग्राम पंचायत अहिरवाड़ा के मनरेगा श्रमिकों ने बकाया मजदूरी भुगतान न मिलने से आक्रोशित होकर रविवार से ब्लॉक मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था। सोमवार को धरना दूसरे दिन भी जारी रहा।

लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस आश्वासन न मिलने पर श्रमिकों में रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने महीनों पहले मनरेगा योजना के तहत कार्य पूरा किया, लेकिन आज तक मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ। कई बार अधिकारियों से गुहार लगाने और



ब्लॉक कार्यालय के चक्कर काटने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। आक्रोशित श्रमिकों ने रविवार को ब्लॉक परिसर में धरना शुरू किया। सोमवार को खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार ने अनशनकारियों से वार्ता की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका।अनशन पर बैठे रोजगार सेवक दलबीर सिंह, भूपराम, छैलू, मंगल सिंह, दयाशंकर, टीकाराम, तोताराम सहित कई श्रमिकों ने कहा जब तक हमारे बकाया भुगतान की राशि नहीं दी जाएगी, हम धरना स्थल से नहीं उठेंगे। महिला ग्राम प्रधान राम कन्या ने भी श्रमिकों के इस आंदोलन का समर्थन किया और कहा कि मेहनतकश लोगों को उनका हक मिलना ही चाहिए।ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे बीडीओ कार्यालय का घेराव करेंगे।


# बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन घायल, एक युवक की मौत

## गजरौला कला क्षेत्र में रविवार शाम हुआ दर्दनाक हादसा, गांव में छाया मातम

**पीलीभीत।** थाना गजरौला कला क्षेत्र में रविवार की शाम अटकोना पुलिया के निकट दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से एक युवक को गंभीर हालत में बरेली रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, गांव महुआ निवासी विकास (18 वर्ष) पुत्र वेद




प्रकाश अपने दोस्त अनिल के साथ बाइक से अपनी बहन सीमा देवी पत्नी झनकारी लाल निवासी जैतपुर के यहां नामकरण संस्कार में शामिल होने गया था। वहां से वह अपनी बड़ी बहन ममता देवी पत्नी संतराम निवासी अटकोना के घर जा रहा था। इसी दौरान अटकोना पुलिया के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से टक्कर हो गई।

दूसरी बाइक पर मूसेपुर निवासी पुष्पेंद्र और एक अन्य युवक सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों के सवार सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा।

डॉक्टरों ने विकास की हालत नाजुक बताकर उसे बरेली रेफर किया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।विकास की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

पिता वेद प्रकाश और मां गायत्री देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई।थाना गजरौला कला के प्रभारी निरीक्षक ब्रजवीर सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## मेरठ के गंगानगर में महिला से चेन लूटी

**मेरठ।** मेरठ में दिनदहाड़े बदमाशों ने एक महिला से चेन लूट ली। बाइक सवार दो युवकों ने सीएनजी पंप का रास्ता पूछने के बहाने वारदात को अंजाम दिया। कुछ ही सेकंड में 2 तोले की चेन लेकर फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी 1 मिनट 25 सेकेंड का है। दोनों युवक 1 मिनट तक वहीं पर घूमते रहे। 2 सेकेंड में चैन लूटकर भाग गए हैं। पीड़ित महिला ने शिक्षा विभाग से रिटायर है। घर पर अकेली रहती है। पति की मौत हो चुकी है। दोनों बेटे बाहर रहकर पढ़ाई करते है। महिला रोजाना दोपहर 12 बजे जानवरों को रोटी खिलाने जाती हैं। इसी दौरान दो बाइक सवार युवकों ने घटना को अंजाम दिया। घटना मेरठ के गंगानगर थाना क्षेत्र की है। पीड़ित महिला का नाम इंदिरा देवी है। 70 साल की इंदिरा देवी ने बताया- मैं मूल रूप से आगरा की रहने वाली हूं। लेकिन अब शादी के बाद से यहीं मेरठ गंगानगर में रहती है। गंगानगर के पी पॉकेट में आइआइएमटी एकेडमी से 200 कदम की दूरी पर किराए के मकान में अकेली रहती हूं। मेरे के पति दरियाल सिंह की 21 साल पहले मौत हो चुकी है। पति दरियाल सिंह शिक्षा विभाग में सरकारी नौकरी पर थे। उनकी मौत के बाद इंदिरा देवी को मृतक आश्रित में पति की जगह सरकारी नौकरी मिली थी। वो शिक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी के पद पर तैनात थी। कुछ समय पहले ही रिटायर हुई है।

## मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत ललितपुर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की ।आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स। 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 - एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें ।कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें ।सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते ।किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें ।अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें ।कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें ।

## फर्रुखाबाद में महिला की संदिग्ध मौत

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद में लोहिया अस्पताल में उपचार के दौरान 24 वर्षीय महिला की मौत के बाद हंगामा हो गया। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया, जबकि ससुराल पक्ष ने बीमारी को वजह बताया। शहर के मोहल्ला सर्वोदय नगर निवासी शालिनी (24) को उसके ससुराल वालों ने सोमवार दोपहर करीब दो बजे अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि महिला में खून की कमी थी और उसे बुखार भी था। मौत की सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग अस्पताल पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। पिता गिरीश चंद्र और भाई ने आरोप लगाया कि दहेज के लिए शालिनी के साथ आए दिन मारपीट होती थी। कुछ समय पहले हुई मारपीट के बाद से वह बीमार रहने लगी थी, जिससे उसकी मौत हुई है।

# स्पीड रडार गन ने वाहनों की रफ्तार पर लगाई लगाम

**ललितपुर।** यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एनएच-44 पर स्पीड राडार गन से वाहनों की गति जांची और शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान वाहन चालकों को बताया गया कि नियम के पालन से दुर्घटनाओं की आशंका कम हो जाती है। पुलिस अधीक्षक, के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में ,यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में सघन चैकिंग अभियान चलाया । अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एनएच-44 हाइवे पर स्पीड रडार गन से वाहनों के गति की जांच की गई और अनुमन्य गति सीमा से अधिक गति पाए जाने पर 13 वाहनों का एम. वी. एक्ट की सुसंगत धाराओं में चालान किया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक




किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें ।

दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सके। दो पहिया वाहन पर तीन सवारियां न बैठाकर न चलाये ।शराब इत्यादि का नशा करके वाहन न चलाये । चार पहिया वाहन चालकों से सीटबेल्ट का प्रयोग करके वाहन चलाने की भी अपील की ।सवारी व लोडिंग टैक्सी चालकों से नियंत्रित गति और सुगम रूप से यातायात व्यवस्था संचालन के लिए कहा गया । बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलायें । वाहन को ओवर स्पीड से न चलायें । सड़क पर सदैव अपनी वायीं दिशा में चलें ।

वाहन चलाते समय मोबाइल फोन/ईयर फोन आदि का प्रयोग न करें। ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन न चलाये ।वाहन के साथ स्टंटबाजी करके न चलाये ।अपने वाहन में हूटर/मोडिफाइड साईलेन्सर/मानक के विपरीत तीव्र ध्वनि वाले होर्न का प्रयोग न करें ।

# लखनऊ में मानसिक विक्षिप्त के साथ रेप का आरोप

## एक दिन पहले घर के पास से हुई थी गायब; परिवार ने लगाया पुलिस पर लापरवाही का आरोप

**लखनऊ।** लखनऊ के मानक नगर इलाके में गुमशुदा मानसिक विक्षिप्त लड़की के साथ परिजनों ने रेप का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घर के पास से एक अधेड़ उम्र का शख्स लड़की को अपने साथ के गया और घटना को अंजाम दिया। परिजनों ने बताया कि लड़की की बरामदगी होने के बाद उसका मेडिकल करवाने में देरी की। पुलिस का कहना है परिजनों के आरोप पर मुकदमा दर्ज कर किया गया है।

मानक नगर थाना क्षेत्र में एक मानसिक विक्षिप्त लड़की अपने पिता और बहनों के साथ रहती है। बहन के मुताबिक छोटी बहन मानसिक विक्षिप्त हैं। वो कल शाम करीब 6 बजे घर के पास घूम रही थी। तभी उसको एक शख्स अपनी स्कूटी में बैठा कर ले गया। हम लोगों ने उसको ढूंढना शुरू किया तो मोहल्ले के बच्चों ने बताया कि उसको कोई बैठा कर ले गया है। हम लोगों ने उसको खूब ढूंढने की कोशिश की पर वो नहीं मिली। उसके बाद हम लोगों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट मानक नगर थाने में दर्ज करवाई।

पीड़ित की बहन ने बताया कि पुलिस को रात में ही उस स्कूटी की जानकारी मिल गई थी जिससे मेरी बहन गई थी। रात में ही पुलिस ने सारी जानकारी ले ली थी। पुलिस वालों ने उसे ढूंढने में बहुत देरी कर दी। पुलिस वालों को रात करीब 3: 30 बजे लड़की मिल गई थी। लेकिन इन लोगों ने हम लोगों को सुबह 11: 00 बुलाया। लड़की का कपड़ा इन लोगों ने खुद ही चेंज कर दिया था। उसको ब्लडिंग बहुत ज्यादा हो रही थी। सुबह से कहते-कहते शाम को पुलिस वालों ने लड़की को एडमिट करवाया। लड़की दर्द से तड़प रही थी लेकिन इन लोगों ने मेरी एक भी नहीं सुनी।

पीड़ित की बहन का आरोप है कि उसने उसकी बहन को स्कूटी बैठने के लिए चार बार उसके इर्द-गिर्द गाड़ी घुमाई। उसे मैं गाड़ी में बैठने का लालच दिया। दिमागी कमजोरी होने के कारण वह लालच में उसे गाड़ी पर बैठ भी गई। लेकिन जब वह हम लोगों को मिली तो उसकी स्थिति और भी दयनीय थी। यह सारी घटना सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हुई है।

# आगरा में एसजीएसटी की जांच में करोड़ों का स्टॉक गायब

**आगरा।** आगरा में राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग की जांच में एक बड़ा मामला सामने आया है। श्रीराम पेपर वर्ल्ड, बेलनगंज के कारोबारी अनिकेत गुप्ता के प्रतिष्ठान पर हुई जांच में लगभग 4 करोड़ रुपए का स्टॉक गायब पाया गया। जांच में पता चला कि कारोबारी ने रिटर्न में टर्नओवर कम दिखाकर जीएसटी की कम राशि जमा की थी। कारोबारी के प्रतिष्ठान पर हुई जांच में पाया गया कि उसके पास लगभग 4 करोड़ रुपए का पेपर और पेपर रोल का स्टॉक होना चाहिए था, लेकिन मौके पर स्टॉक नहीं मिला। इसके बाद कारोबारी से पूछताछ की गई और जांच के बाद उसने 85.40 लाख रुपए जमा कराए। राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग की इस कार्रवाई से कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। विभाग की ओर से लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है और टैक्स चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में विभाग के अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि कारोबारी ने जानबूझकर टर्नओवर कम दिखाया था।

# शार्ट न्यूज

## समर कैंप का मानदेय चार माह बाद भी अटका, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों में गहरा रोष

**पूरनपुर।** ग्रीष्मावकाश में संचालित समर कैम्प का मानदेय अब तक न मिलने से अनुदेशकों और शिक्षामित्रों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शासन से भुगतान हेतु धनराशि बीते माह चार अक्टूबर को ही भेजी जा चुकी है, बावजूद इसके लेखा विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते अभी तक भुगतान नहीं हो सका। सरकार द्वारा बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से 21 मई से 10 जून तक परिषदीय स्कूलों में समर कैम्प चलाए गए थे। इनमें शिक्षामित्रों और अनुदेशकों ने भीषण गर्मी में मेहनत से कार्य किया। उन्हें अब तक मानदेय नहीं मिल पाया है। सूत्रों के अनुसार, मई माह में विभाग ने प्रत्येक प्रधानाध्यापक को सामग्री आदि के लिए दो हजार रुपये भेजे थे, लेकिन कई प्रधानाध्यापकों ने यह राशि भी कैम्प संचालन में खर्च नहीं की। शिक्षामित्रों और अनुदेशकों ने अपनी जेब से खर्च कर केंद्र संचालित किए। अब वे विभागीय लापरवाही से क्षुब्ध हैं।उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मानदेय का भुगतान नहीं हुआ तो वे धरना देने को बाध्य होंगे।

## पुरानी रंजिश में कार से कुचलकर मजदूर की हत्या

**अलीगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के इमलहरा गांव में सोमवार सुबह एक मजदूर की कार से कुचलकर मौत हो गई। परिजनों ने गांव के ही समुदाय विशेष के दो लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब आठ बजे 40 वर्षीय विजयपाल पुत्र राजपाल अपने साथियों के साथ मजदूरी के लिए चांदपुर जा रहे थे। गांव के पास रवेंद्र पुत्र श्यामलाल के खेत के नजदीक पीछे से आई एक वैगनआर कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। विजयपाल की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पिता राजपाल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि अयूब खां पुत्र गफूर खां और जाहिद पुत्र अयूब खां, निवासी इमलहरा, ने जानबूझकर विजयपाल पर कार चढ़ा दी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने तब तक कार को आगे-पीछे किया जब तक विजयपाल की मौत नहीं हो गई। आरोपियों ने गाड़ी से कुचल कर विजयपाल की मौत पर ही हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार होने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया।

## दुष्कर्म दोषी को 14 साल की सजा

बलरामपुर। बलरामपुर में दुष्कर्म के एक दोषी को सोमवार को अदालत ने 14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 60,000 का अर्थदंड भी लगाया। यह फैसला महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए संचालित मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) एवं ऑपरेशन कनविक्शन के तहत बलरामपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी का परिणाम है। यह मामला थाना तुलसीपुर क्षेत्र के ग्राम वजीर डीह का है। 25 नवंबर 2022 को पीड़िता ने थाना तुलसीपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता के अनुसार, गांव के तिलकराम यादव पुत्र राजाराम ने खेत में उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता की तहरीर पर थाना तुलसीपुर में मुकदमा के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने की और पर्याप्त साक्ष्य जुटाकर आरोपपत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में मॉनीटरिंग सेल प्रभारी बृजानंद सिंह, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार तिवारी और थाना तुलसीपुर पुलिस टीम ने मामले में प्रभावी पैरवी की।

## भदोही में 220 वाहनों का चालान

**भदोही ( संत रविदास नगर )।** भदोही में यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। सोमवार को एक वाहन को सीज किया गया, जबकि 195 दोपहिया और 25 चारपहिया वाहनों सहित कुल 220 वाहनों का चालान किया गया। यह कार्रवाई यातायात माह के अंतर्गत की गई है, जिसे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के रूप में भी जाना जाता है। भारत सरकार द्वारा हर साल नवंबर में आयोजित होने वाला यह अभियान सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, दुर्घटनाओं को कम करने और जनता में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चलाया जाता है। नवंबर 2025 का यह माह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या विश्व में सबसे अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष लगभग 1.5 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाते हैं। इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश शासन ने 1 नवंबर से 30 नवंबर तक जन-जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा यातायात माह अभियान शुरू किया है।

## कन्नौज में घर से सात लाख की चोरी

**कन्नौज।** कन्नौज में एक परिवार बीती शाम बारात में शामिल होने के लिए रिश्तेदार के यहां गया था। इधर गेट पे ताला देखकर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। सोमवार को परिवार वापस लौटा तो घर के दरवाजे खुले देखकर होश उड़ गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। चोरी की वारदात सदर कोतवाली की मकरंदनगर चौकी क्षेत्र के कुतुलूपुर मोहल्ले की है। यहां के रहने वाले नूर मोहम्मद की पत्नी नाजिश परिवार के साथ एक शादी में शामिल होने के लिए बीती शाम छिबरामऊ गई हुई थीं। रात में उनके घर पर ताला पड़ा था। सोमवार शाम जब वह अपने घर वापस लौटीं तो दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी और दरवाजे खुले पड़े थे। जिसे देखकर उनके होश उड़ गए। नाजिश ने बताया कि चोरों ने उनके घर से 1 लाख कैश पार कर दिया। इसके अलावा 5 तोला सोना और आधा किलो चांदी के जेवर पार कर दिए। उन्होंने बताया कि जब वह घर लौटीं तो मेन दरवाजे की कुंडी टूटी हुई मिली। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। एक और दो के कुछ सिक्के रखे थे, वह भी चोर उठा ले गए।

## ड्राइवर हत्याकांड में दोषी को उम्रकैद की सजा

**रामपुर।** रामपुर में ड्राइवर की हत्या और कार लूट के 13 साल पुराने मामले में फैसला आ गया है। न्यायालय ने दोषी फराज को आजीवन सश्रम कारावास और 35 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत मजबूत पैरवी के कारण यह फैसला आया है। दोषी फराज, मोहल्ला ईदगाह, कस्बा सैफनी, थाना शाहबाद, जनपद रामपुर का निवासी है। यह घटना 11 अगस्त 2012 को हुई थी। फराज ने वादी कोमल सिंह के बेटे सुमित कुमार (चालक) को उसकी सैंट्रो कार सहित अगवा कर लिया था। बाद में सुमित की हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया था। अभियुक्त फराज के कब्जे से लूटी गई सैंट्रो कार बरामद की गई थी। इस संबंध में थाना शाहबाद में मु0अ0सं0-904/2012, धाराङ्ग-394, 302, 201, 411 भा0द0वि0 के तहत फराज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। स्थानीय पुलिस और मॉनीटरिंग सेल ने इस मुकदमे में मजबूत पैरवी की। अभियोजन की कार्यवाही को समयबद्ध तरीके से पूरा कर सभी आवश्यक सबूत पेश किए गए।

## शाहजहांपुर में कटरा नगर पंचायत चुनाव रद्द

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव को अदालत ने शून्य घोषित कर दिया है। कोर्ट ने अध्यक्ष मुख्तियार अहमद पर चार साल तक चुनाव लड़ने पर भी रोक लगा दी है। यह फैसला भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता और दूसरे नंबर पर रहीं पूजा कसाना की याचिका पर आया, जिन्होंने मुख्तियार अहमद पर आपराधिक मामलों को छिपाने का आरोप लगाया था। दरअसल, कटरा नगर पंचायत सीट पर हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मुख्तियार अहमद ने जीत हासिल की थी और वह अध्यक्ष बने थे। इस चुनाव में पूजा कसाना दूसरे और भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता तीसरे स्थान पर रही थीं। दोनों ने आरोप लगाया था कि मुख्तियार अहमद ने चुनाव के दौरान हलफनामे में अपने आपराधिक मुकदमों की जानकारी छिपाई थी। याचिकाकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्तियार अहमद ने पीलीभीत के साथ-साथ शाहजहांपुर में भी अपना वोट बनवाया था। इन आरोपों के बाद सोनम गुप्ता और पूजा कसाना ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से शाहजहांपुर की अदालत में याचिका दायर की थी।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक





गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 04 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in


## संक्षिप्त समाचार

### भारी बर्फबारी और भूस्खलन में ऊपरी मुस्तांग का संपर्क कटा

**काठमांडू, एजेंसी।** भारी हिमपात और भूस्खलन के कारण सड़कों, बिजली और इंटरनेट सेवाएँ बाधित हो जाने से ऊपरी मुस्तांग का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। इसके चलते वहाँ करीब 550 से अधिक पर्यटक और 100 से ज्यादा वाहन फँसे हुए हैं। जोमसोम–कोरला सड़क जगह–जगह धँसने और भूस्खलन से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। बारिश के साथ हुई बर्फबारी के कारण बागबेनी से ऊपर छुसाङ क्षेत्र तक सड़क, बिजली और इंटरनेट सेवाएँ बंद हो गई हैं। मुस्तांग के पुलिस प्रमुख डीएसपी छिरिंग किप्पा लामा के अनुसार, स्थानीय पुलिस चौकियाँ रविवार सुबह तक भी संपर्क में नहीं आ पाई हैं। उन्होंने बताया कि छुसाड़ से ऊपर आधा दर्जन से अधिक बड़े भूस्खलन हुए हैं और जेसीबी मशीनों से सड़क खोलने का कार्य शुरू किया गया है लेकिन पूरी तरह मार्ग साफ करने में अभी कुछ दिन लगेंगे। कागबेनी और आसपास के क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी के कारण पर्यटकों को बचाव की आवश्यकता पड़ी। इसके साथ ही ऊँचे पहाड़ी और हिमालयी इलाकों का संपर्क भी पूरी तरह टूट गया। मुस्तांग के प्रमुख जिला अधिकारी बिष्णु प्रसाद भुसाल के अनुसार, ऊपरी मुस्तांग में 550 से अधिक पर्यटकों से संपर्क कट गया है। प्रमुख जिला अधिकारी ने बताया कि 559 लोग और 108 वाहन वहाँ फँसे हुए हैं। ऊपरी मुस्तांग में संपर्क का कोई माध्यम उपलब्ध नहीं है। बड़े–बड़े भूस्खलन हटाने की आवश्यकता होने के कारण इसमें कम से कम 3 दिन और लगेंगे। उन्होंने कहा कि वहाँ फंसे अधिकांश पर्यटक भारत और दूसरे देशों के हैं। नेपाली टूर गाइड और विदेशी पर्यटकों की सही संख्या का भी अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि चूँकि वहाँ होटल और घर मौजूद हैं इसलिए सभी लोग सुरक्षित स्थान पर होंगे।

### हाइड्रोलिक गियर फेल होने पर काठमांडू जा रहे विमान की आपात लैंडिंग, 82 यात्री सुरक्षित

**काठमांडू, एजेंसी।** धनगढी से काठमांडू के लिए उड़ान भरने वाले श्री एयरलाइंस के विमान (फ्लाइट क्यू–400222) को हाइड्रोलिक गियर में समस्या आने के बाद भैरहवा के गौतम बुद्ध अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन रूप से उतारा गया। काठमांडू एयर ट्रैफिक कंट्रोल के मुताबिक काठमांडू में उतरने की तैयारी के दौरान कई प्रयास करने के बावजूद विमान का लैंडिंग गियर नहीं खुल पा रहा था। सुबह 10 बजे धनगढी से उड़ान भरने वाले इस विमान को मूल रूप से काठमांडू में उतरना था, लेकिन समस्या का पता लगने के बाद उसे कुछ समय के लिए सिमरा के ऊपर आसमान में होल्ड कराया गया। इसके बाद भैरहवा हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग कराई गई। हाइड्रोलिक फेल होने के कारण विमान रनवे पर ही रुक गया था। विमान में 82 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। लगभग एक घंटे बाद विमान को रनवे से खींचकर हटाया गया। इस विमान के यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को बाद में दूसरे विमान से काठमांडू भेजा गया है। श्री एयरलाइंस ने बिगड़े हुए विमान की मरम्मत के लिए काठमांडू से टेक्निकल टीम भेजी है।

### नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में तीन दिनों से उड़ानें बंद, सैकड़ों विदेशी पर्यटक फंसे

**काठमांडू, एजेंसी।** दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के प्रवेशद्वार के रूप में लुक्ला स्थित तेनजिंग–हिलारी हवाई अड्डे से आने–जाने वाली उड़ानें पिछले तीन दिनों से खराब मौसम के कारण निलंबित हैं। उड़ानें बंद रहने के कारण खुम्बु क्षेत्र से लौटने की तैयारी में लगे सैकड़ों विदेशी पर्यटक लुक्ला में फंसे हुए हैं। इलाके के सभी होटल और गेस्टहाउस पूरी तरह भरे हुए हैं। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर नवराज कटुवाल के अनुसार लगातार बारिश, बर्फबारी और घना कोहरा होने से सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के लुक्ला हवाई अड्डे से उड़ानें गुरुवार से ही बंद हैं, जो आज शनिवार को भी नहीं खुल पाई हैं। कटुवाल ने बताया कि दृश्यता बहुत कम है और न केवल हवाई जहाज, बल्कि हेलीकॉप्टर भी उड़ान नहीं भर पा रहे हैं। कुछ हेलीकॉप्टरों ने पिछले गुरुवार उड़ान भरी थी, लेकिन तब से कोई उड़ान नहीं हुई है। लुक्ला में तारा एयर के प्रभारी अमृत मगर ने बताया कि करीब 1,500 पर्यटक फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि लुक्ला के सभी होटल भरे हुए हैं और नए मेहमानों के लिए कमरे खोजना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासी तोया कुमार श्रेष्ठ ने बताया कि कुछ होटलों को पर्यटकों को लॉबी में ही बैठाने की व्यवस्था करनी पड़ी है। फ्रांस की पर्यटक जूली मारी ने कहा कि हम तीन दिन पहले एवरेस्ट बेस कैंप से लौटे थे और तब से लुकला में ही उड़ान शुरू होने का इंतज़ार कर रहे हैं।

# पोकरोव्स्क में अब भी डटे यूक्रेनी सैनिक, रूस ने घेराबंदी का दावा किया

**कीव/मॉस्को, एजेंसी।** यूक्रेन के शीर्ष सैन्य कमांडर ओलेक्जेंडर सर्स्की ने शनिवार को कहा कि उनकी सेना पूर्वी शहर पोकरोव्स्क में अब भी मजबूती से डटी हुई है, जबकि रूस का दावा है कि उसने एक साल से अधिक चले संघर्ष के बाद शहर को 'पिन्सर मूवमेंट' (दोनों दिशाओं से घेरने की रणनीति) में जकड़ लिया है। रूस डोनेट्स्क प्रांत पर पूर्ण नियंत्रण पाने के अपने अभियान के तहत मध्य-2024 से पोकरोव्स्क पर कब्जे की कोशिश कर रहा है, जिसे 'डोनेट्स्क का प्रवेश द्वार' कहा जाता है। युद्ध से पहले करीब 70,000 आबादी वाला यह शहर अब लगभग पूरी तरह तबाह और खाली हो चुका है।



**रूस की बड़ी जीत बन सकता है पोकरोव्स्क :** यदि रूस इस शहर पर कब्जा कर लेता है, तो यह अवदीवका के पतन के बाद उसकी सबसे बड़ी सैन्य उपलब्धि होगी। अवदीवका को रूस ने 2024 की शुरुआत में बेहद खूनी लड़ाई के बाद अपने नियंत्रण में लिया था। उसके बाद से रूस ने 1,000 किलोमीटर लंबी मोर्चा रेखा पर धीरे-धीरे बढ़त बनाई है। दोनों पक्षों के हजारों सैनिकों की मौत हो चुकी है। जहां कीव का कहना है कि स्थिति 'काफी हद तक ठहरी हुई' है और क्षेत्रीय नुकसान मामूली हैं, वहीं मॉस्को का दावा है कि वह अब भी 'रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बढ़त' हासिल कर रहा है।

**'हम पोकरोव्स्क को संभाले हुए हैं' : यूक्रेनी कमांडर :** यूक्रेन के सेना प्रमुख सर्स्की ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, 'हम पोकरोव्स्क को संभाले हुए हैं। दुश्मन बलों को शहर से बाहर निकालने का व्यापक अभियान जारी है।' रूसी अधिकारियों का कहना है कि यदि वे पोकरोव्स्क और इसके उत्तर-पूर्व में स्थित कोस्त्यान्तिनिव्का पर नियंत्रण पा लेते हैं, तो वे आगे क्रामातोर्स्क और स्लोवियांस्क की ओर बढ़ सकेंगे – जो डोनेट्स्क क्षेत्र के यूक्रेन-नियंत्रित सबसे बड़े शहर हैं।

**जमीन पर हालात अब भी अस्पष्ट :** यूक्रेनी ओपन-सोर्स मानचित्र डीपस्टेट के अनुसार, रूसी सैनिक फिलहाल शहर के दक्षिणी हिस्से के एक छोटे भाग पर नियंत्रण में हैं, जबकि बाकी क्षेत्र को 'ग्रे ज़ोन' बताया गया है - यानी किसी भी पक्ष का पूरा नियंत्रण नहीं है। रूसी रक्षा मंत्रालय के मीडिया चैनल ज्वेज्दा ने दावा किया कि यूक्रेनी सैनिक आत्मसमर्पण कर रहे हैं और दो बंदी सैनिकों का वीडियो जारी किया, लेकिन रॉयटर्स इस वीडियो की पुष्टि नहीं कर सका। इस बीच, कीव ने बताया कि उसने एक हेलीकॉप्टर से विशेष बलों की टीम को पोकरोव्स्क में भेजा है ताकि रूसी बढ़त को रोका जा सके। रूस का कहना है कि उसने उस मिशन में शामिल 11 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया, जबकि यूक्रेनी अधिकारियों ने इस दावे को खारिज किया और कहा कि अभियान अब भी जारी है। यूक्रेनी सेना के अनुसार, पोकरोव्स्क की स्थिति 'कठिन और बदलती हुई' है, लेकिन उन्होंने शहर के कुछ हिस्सों में 'रणनीतिक रूप से बेहतर स्थिति' हासिल की है।

**डोनबास पर कब्जे की कोशिश जारी :** रूस डोनबास क्षेत्र (लुहान्स्क और डोनेट्स्क प्रांतों) पर पूर्ण नियंत्रण चाहता है। यूक्रेन वर्तमान में डोनबास के पश्चिमी हिस्से का लगभग 10 प्रतिशत क्षेत्र – करीब 5,000 वर्ग किलोमीटर – अपने नियंत्रण में रखे हुए है। पोकरोव्स्क की लड़ाई यह तय कर सकती है कि पूर्वी यूक्रेन में संघर्ष की दिशा किस ओर मुड़ेगी, कीव के बचाव की ओर या मॉस्को के बढ़ते कब्जे की तरफ।

## सीरियाई राष्ट्रपति अहमद शरआ जल्द कर सकते हैं वॉशिंगटन की यात्रा : अमेरिकी दूत



**मनामा, एजेंसी।** संयुक्त राज्य अमेरिका के विशेष दूत टॉम बैरक ने शनिवार को कहा कि सीरिया के राष्ट्रपति अहमद शरआ निकट भविष्य में वॉशिंगटन की यात्रा कर सकते हैं। बैरक ने बहरीन में आयोजित वार्षिक वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'मनामा डायलॉग' के दौरान संवाददाताओं से कहा कि इस दौरे के दौरान सीरिया के अमेरिका-नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल होने की 'उम्मीद' है, जो इस्लामिक स्टेट (आईएस) जैसे आतंकी संगठन के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय है। यदि यह यात्रा होती है, तो यह राष्ट्रपति शरआ की संयुक्त राज्य अमेरिका की दूसरी यात्रा होगी। इससे पहले उन्होंने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने के लिए न्यूयॉर्क का दौरा किया था। गौरतलब है कि पिछले वर्ष दिसंबर में बशर अल-असद से सत्ता संभालने के बाद, राष्ट्रपति शरआ ने कई देशों की यात्राएं की हैं, जिनका उद्देश्य उन वैश्विक शक्तियों के साथ सीरिया के संबंधों को पुनर्स्थापित करना है जिन्होंने असद शासन के दौरान दमिश्क से दूरी बना ली थी। सीरिया अभी तक 2014 में गठित उस अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा नहीं है, जिसका उद्देश्य इस्लामिक स्टेट को समाप्त करना था। इस संगठन ने 2014 से 2017 के बीच सीरिया और इराक के लगभग एक-तिहाई हिस्से पर कब्जा कर लिया था और वहां कट्टरपंथी शरीया कानून लागू किया था। बाद में, अमेरिकी गठबंधन बलों और उनके स्थानीय साझेदारों ने आईएस को 2019 में उसके अंतिम गढ़ से बाहर कर दिया। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, इस्लामिक स्टेट अब असद शासन के पतन के बाद सीरिया और पड़ोसी इराक में पुनर्गठन की कोशिश कर रहा है। अगर शरआ का यह वॉशिंगटन दौरा सफल रहता है, तो यह न केवल दमिश्क और वॉशिंगटन के बीच संबंधों के सामान्यीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम होगा, बल्कि सीरिया के नई अंतरराष्ट्रीय भूमिका की भी शुरुआत साबित हो सकता है।

## नीदरलैंड्स के पीएम बन सकते हैं समलैंगिक रॉब जेटन

**एम्सटर्डम, एजेंसी।** नीदरलैंड्स में सेंट्रिस्ट लिबरल डेमोक्रेट्स 66 पार्टी के नेता रॉब जेटन अगले पीएम बन सकते हैं। एग्जिट पोल्स के मुताबिक, उनकी पार्टी को करीब 30 सीटें मिल सकती हैं, जो कट्टर दक्षिणपंथी नेता गीर्ट वाइल्डर्स की पार्टी फॉर फ्रीडम के बराबर है। अगर यह एग्जिट पोल असल आंकड़ों में बदलते हैं तो 38 साल के रॉब देश के सबसे युवा और पहले ओपनली गे (खुले तौर पर समलैंगिक) पीएम भी बनेंगे। जेटन की अगले साल उनके मंगेतर निकोलस कीनन से शादी होने वाली है। निकोलस अर्जेंटीना की पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी हैं। यह रिजल्ट गीर्ट वाइल्डर्स के लिए बड़ा झटका होगा। उन्होंने अपना चुनावी कैंपेन मुस्लिम अप्रवासियों, समलैंगिकों और जलवायु परिवर्तन की नीतियों के खिलाफ चलाया था। 2022 में नूपुर शर्मा ने जब पैगंबर मोहम्मद पर विवादित बयान दिया था, तब गीर्ट वाइल्डर्स ने खुलकर उनका समर्थन किया था।

**टिकटॉक वीडियो वायरल हुआ तो फेमस हुए :** साल 2021 में, जेटन और उनके एक साथी डच राजनेता के बीच का एक ब्रोमांस वाला ट्रेंडिंग वीडियो टिकटॉक पर बहुत वायरल हुआ था। इसमें दोनों नेता एक दूसरे के साथ मस्ती करते, हंसते और डांस करते दिखे थे। वीडियो वायरल होने के बाद रॉब जेटन युवाओं के बीच मशहूर हो गए। उसी दौरान जेटन की मुलाकात हॉकी प्लेयर निकोलस कीनन से हुई। कीनन अर्जेंटीना की नेशनल टीम में खेलने के अलावा यूरोपीय लीग में भी खेलते हैं। कीनन ने एक सुपरमार्केट में जेटन को पहचान लिया और वहीं से बातचीत शुरू हुई। जेटन ने बाद में एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें नहीं पता था कि एक टिकटॉक ट्रेंड से उनकी जिंदगी इतनी बदल जाएगी। पिछले साल नवंबर 2024 में दोनों की सगाई हुई। जेटन ने अपने चुनावी कैंपेन में पॉजिटिव मैसेजिंग पर जोर दिया था। उनका इलेक्शन स्लोगन हां, हम कर सकते हैं काफी फेमस हुआ था। उन्होंने आवास संकट, हेल्थकेयर खर्च, माइग्रेशन और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर फोकस किया। जेटन ने कहा- हमने दिखा दिया कि पॉपुलिस्ट और एक्सट्रीम-राइट को हराना संभव है।

## वेनेजुएला में विपक्ष अमेरिकी कार्रवाई पर बंटा, सीनेटरों ने ड्रग रणनीति पर मांगे जवाब

**काराकास/वाशिंगटन, एजेंसी।** वेनेजुएला के खिलाफ संभावित अमेरिकी कार्रवाई को लेकर देश के विपक्षी नेताओं में गहरे मतभेद सामने आए हैं, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि इन हमलों के पीछे राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अपदस्थ करने की साजिश हो सकती है। सितंबर से अब तक कैरिबियाई सागर और प्रशांत महासागर में अमेरिकी हमलों में दर्जनों लोग मारे गए हैं। उधर अमेरिका में कांग्रेस के उच्च सदन सीनेट में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से 'ड्रग तस्करी' विरोधी रणनीति पर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित वेनेजुएला की मारिया कोरिना माचाडो ने ट्रंप की नीतियों का समर्थन किया है, जो राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को



अमेरिकी सुरक्षा के लिए खतरा बताते हैं। उन्होंने अमेरिकी खुफिया एजेंसी 'सीआईए' की गुप्त कार्रवाइयों और सैन्य तैनाती का स्वागत किया। हालांकि दो बार राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रहें हेनरिके कैप्रिल्स ने अमेरिकी सशस्त्र हस्तक्षेप का विरोध करते हुए मादुरो सरकार और अमेरिका के बीच बातचीत की वकालत की है। कैप्रिल्स ने माचाडो गुट को 'चरमपंथी' करार दिया, जबकि माचाडो के सलाहकार मैगाली मेडा ने इस बाबत विपक्ष की एकजुटता का दावा किया। इस बीच विश्लेषकों का कहना है कि विपक्ष का विभाजन वेनेजुएला के नागरिकों को दुविधा में डाल रहा है। इस मसले पर कतर ने मध्यस्थता की पेशकश की है, लेकिन अभी इस दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। वर्ष 2024 चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार की शानदार जीत के बावजूद मादुरो तीसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ ले चुके हैं। वह अमेरिकी हमलों को सत्ता परिवर्तन की साजिश बता रहे हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार, 70 प्रतिशत वेनेजुएलाई नागरिक मादुरों शासन के खिलाफ हैं, जबकि 60 प्रतिशत माचाडो के नेतृत्व में अमेरिकी समर्थन चाहते हैं। उधर, अमेरिका में सीनेट आर्म्ड सर्विसेज समिति के रिपब्लिकन अध्यक्ष रोजर विकर और डेमोक्रेट जेक रीड ने ट्रंप प्रशासन से वेनेजुएला के 'ड्रग कार्टेल' के खिलाफ नौका हमलों के कानूनी आधार और 'कार्यकारी आदेश' की मांग की है। हालांकि इस बाबत सितंबर 23 और अक्टूबर 6 के उनके पत्रों का अभी कोई जवाब नहीं मिला है। हालांकि ट्रंप ने शुक्रवार को वेनेजुएला पर हमलों की योजना की बात से इनकार किया और इतना ही कहा कि वह अमेरिकी सैन्य ताकत को दुरूस्त कर रहे हैं।

## मिस्त्र ने खोला प्राचीन सभ्यता को समर्पित विश्व का सबसे बड़ा संग्रहालय

**काहिरा, एजेंसी।** मिस्त्र ने शनिवार को अपनी प्राचीन सभ्यता की विरासत को समर्पित ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम (जीईएम) का भव्य उद्घाटन किया। दो दशकों से निर्माणाधीन यह विश्व का सबसे बड़ा संग्रहालय है, जो न केवल मिस्त्र की ऐतिहासिक धरोहर को एक छत के नीचे समेटेगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और पर्यटन को नई ऊर्जा देने की उम्मीद भी जगाता है। गिजा के प्रसिद्ध पिरामिड और स्फिंक्स के पास स्थित यह म्यूजियम 50,000 से अधिक प्राचीन वस्तुओं को प्रदर्शित करता है, जिनमें फराओ-कालीन जीवन की झलक देखने को मिलती है। खास बात यह है कि यहां राजा तुतनखामुन की समाधि से मिली संपूर्ण धरोहर को पहली बार एक साथ प्रदर्शित किया गया है, जो 1922 में खोजे जाने के बाद अब तक कहीं एक स्थान पर नहीं रखी गई थी।

**'मानवता की एक सिम्फनी' का मंच :** उद्घाटन समारोह में कई विश्व नेताओं, राजपरिवारों और सरकार प्रमुखों ने हिस्सा लिया। मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह संग्रहालय 'प्राचीन मिस्त्रवासियों की प्रतिभा और आधुनिक मिस्त्रवासियों की रचनात्मकता का संगम' है, जो विश्व संस्कृति और कला को एक नया आयाम देगा। इस मौके पर काहिरा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और शनिवार को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया गया। संग्रहालय के प्रांगण में भव्य मंच पर ऑर्केस्ट्रा और कलाकारों ने 'ग्लोबल सिम्फनी ऑफ ह्यूमैनिटी' नामक संगीत प्रस्तुति दी। उद्घाटन से एक रात पहले सैकड़ों ड्रोन ने आसमान में राजा तुतनखामुन के मुखौटे और रथ की शानदार लाइट शो प्रस्तुति दी थी, जिसने वातावरण को और भी रहस्यमय बना दिया था।

**अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा म्यूजियम :** संग्रहालय के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के सदस्य और उद्योगपति सर मोहम्मद मंसूर के अनुसार, जीईएम हर साल करीब 50 लाख पर्यटकों को आकर्षित करेगा। यह संख्या इसे विश्व के सबसे लोकप्रिय संग्रहालयों की श्रेणी में लाकर खड़ा करेगी। उन्होंने कहा कि इसका देश की अर्थव्यवस्था पर 'अत्यंत सकारात्मक प्रभाव' पड़ेगा। 2014 में सत्ता संभालने के बाद राष्ट्रपति सीसी ने कई मेगा प्रोजेक्ट्स शुरू किए हैं, जिनका उद्देश्य मिस्त्र की जड़ हो चुकी अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकना है। ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम उन्हीं में से एक है, एक ऐसा स्मारक जो न केवल मिस्त्र की गौरवशाली सभ्यता का प्रतीक बनेगा, बल्कि आधुनिक मिस्त्र की प्रगति का भी प्रतीक चिन्ह साबित होगा।

## तंजानिया की राष्ट्रपति हसन विवादित चुनाव में भारी मतों से जीतीं



**डोडोमा, एजेंसी।** तंजानिया की राष्ट्रपति समिया सुलुहू हसन ने देश के विवादित चुनाव के शनिवार तड़के घोषित आधिकारिक नतीजों में जबरदस्त जीत हासिल की है। हालांकि विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि यह चुनाव कोई मुकाबला नहीं, बल्कि राष्ट्रपति हसन का ताजपोशी समारोह था। खबरों के अनुसार चुनाव में उन्हें 97% से ज्यादा वोट हासिल हुए जो एक तरह का रिकार्ड है। हालांकि हसन के दो मुख्य प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों को चुनावों में भाग लेने से रोक दिया गया और उन्हें केवल छोटे दलों के 16 उम्मीदवारों का सामना करना पड़ा। इस बीच 29 अक्टूबर को हुए ये चुनाव भारी हिंसा के बीच सम्पन्न हुए हैं जिसमें कई लोगों के मारे जाने की खबर है। कई शहरों में चुनावों को एकतरफा बताते हुए प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए और वोट गिनती रोकने की कोशिश की। सेना को पुलिस की मदद के लिए तैनात किया गया है । इस बीच अधिकारियों ने हिंसा में मारे गए या घायल लोगों की संख्या नहीं बताई। हालांकि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के प्रवक्ता सेइफ मगंगो ने शुक्रवार को जिनेवा में वीडियो के जरिए व्यापारिक राजधानी दार अस सलाम, शिन्यांगा और मोरोगोरो शहरों में 10 लोंगो के मारे जाने की पुष्टि की हैं। खबरों के मुताबिक देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी 'चाडेमा' के नेता तुंडू लिस्सू महीनों से जेल में बंद हैं। उन पर राजद्रोह का आरोप लगाया गया है क्योंकि उन्होंने चुनाव सुधारों की मांग की थी। वहीं एक अन्य विपक्षी नेता, एक्ट-वजालेंदो समूह के लुहागा म्पिना को उम्मीदवार बनने से रोक दिया गया। तंजानिया में सत्ताधारी 'चामा चा मापिंदुजी' या 'सीसीएम पार्टी' दशकों से सत्ता पर काबिज है, जबकि विपक्षी नेता इस बार राजनीतिक बदलाव लाने की उम्मीद कर रहे थे। हसन ने अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है या फिर चुनावों में भाग ही नहीं लेने दिया है। देश में एक्स (पूर्व ट्विटर) और तंजानियाई डिजिटल प्लेटफॉर्म 'जामीयफोरम्स' पर पाबंदी है। उनके खिलाफ आवाज उठाने वालों को धमकी या गिरफ्तारी से चुप करा दिया गया। सत्ताधारी सीसीएम पार्टी के तार चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े हैं जो 1961 में देश की ब्रिटेन से आजादी के बाद से ही सत्ता पर काबिज है।

## अफ़ग़ानिस्तान के साथ 'शत्रुता' और नहीं बढ़ाना चाहते-पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने कहा है कि वह अफ़ग़ानिस्तान के साथ 'शत्रुता' को और नहीं बढ़ाना चाहता है बल्कि वह आशा करता है कि तालिबान शासक अफ़ग़ानिस्तान की धरती से सक्रिय विद्रोहियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करके उसकी सुरक्षा संबधी चिंताओं का समाधान करेंगे। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने शुक्रवार को यह बात कही। यह टिप्पणी उस समय आई है जब एक दिन पहले ही पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान ने तुर्किए और कतर की मध्यस्थता में लगभग एक सप्ताह तक चली वार्ता के बाद युद्ध विराम कायम रखने पर सहमति व्यक्त की थी, ताकिक्षेत्र में व्यापक संघर्ष को रोका जा सके। अंद्राबी की इस टिप्पणी को दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव कम होने का संकेत माना जा रहा दिया है। गौरतलब है कि अक्तूबर की शुरुआत से ही दोनों पक्षों के बीच सीमा पर हुई गोलीबारी में दर्जनों सैनिक, नागरिक और विद्रोही मारे गए थे। इस बीच कतर ने दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडलों को दोहा आमंत्रित किया है, जहाँ वे 19 अक्टूबर को युद्धविराम पर सहमत हुए। इसके बाद तुर्किये में इस्तांबुल में छह दिनों तक बातचीत हुई, जो गुरुवार रात तक जारी रही। इस वार्ता में दोनों पक्ष युद्धविराम कायम रखने पर सहमत हुए हैं। इस शांति वार्ता के बाद, दोनों पक्ष युद्धविराम को लागू करने संबधी कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के लिए छह नवंबर को इस्तांबुल में फिर से बैठक करेंगे। अंद्राबी ने द्विपक्षीय वार्ता को सफल बनाने में कतर और तुर्किये की भूमिका की प्रशंसा की।



युद्धविराम के बावजूद, दोनों देशों ने प्रमुख सीमा चौकियों को बंद रखा हैं, जिससे माल से भरे सैकड़ों ट्रक और हज़ारों शरणार्थी दोनों तरफ़ फँसे हुए हैं। अंद्राबी के अनुसार सुरक्षा कारणों से अफ़ग़ानिस्तान के साथ सभी सीमा चौकियां व्यापार के लिए फिलहाल बंद हैं, लेकिन शरणार्थियों को कम से कम दक्षिण-पश्चिमी चमन सीमा चौकी से अफगानिस्तान लौटने में मदद की जा रही हैं। उधर, अफगानिस्तान में काबुल में, गृह मंत्रालय की सीमा पुलिस के प्रवक्ता अबीदुल्लाह उकाब फ़ारूक़ी ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी तोरख़म सीमा चौकी शनिवार को शरणार्थियों के लिए फिर से खोल दी जाएगी। हालांकि इस बाबत पाकिस्तान की ओर से कोई घोषणा नहीं की गई है। वर्तमान घटनाक्रम में एक दिन पहले पाकिस्तान में अफ़ग़ानिस्तान के राजदूत अहमद शकीब द्वारा 'एक्स' पर एक लेख साझा किया गया था जिसमें उन्होंने कहा शिकायत की थी कि पाकिस्तान द्वारा सीमा चौकियां बंद करने के कारण बड़ी संख्या में अफ़ग़ान शरणार्थी वहां फँसे हुए हैं। इस पर अंद्राबी ने एतराज जताते हुए कहा कि अफ़ग़ानिस्तान के राजदूत ने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के माध्यम से बातचीत करने के बजाय सोशल मीडिया पर अपनी शिकायतें व्यक्त करके 'राजनयिक' मानदंडों का उल्लंघन किया है।

# शानदार प्रदर्शन के बाद दिल्ली पहुंचेगी चैंपियन टीम इंडिया, पीएम मोदी से होगी भेंट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला विश्व कप 2025 का समापन भारतीय महिलाओं द्वारा अपने पहले खिताब जीतने के साथ हुआ। 2 नवंबर को डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में हुए टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की महिलाओं को हराकर भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम के इतिहास रचने पर पूरा देश खुशी से झूम उठा। इस जीत के साथ ही, अब टीम के नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार, भारतीय टीम 4 या 5 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के लिए दिल्ली जाएगी।

विश्व कप फाइनल में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 298 रन बनाए। इसके बाद टीम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 246 रनों पर रोक दिया और 52 रनों से मैच जीतकर अपना पहला महिला विश्व कप खिताब जीता। भारत की जीत सुनिश्चित होने के तुरंत बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने ट्विटर पर महिला टीम को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने यह भी बताया कि यह जीत आने वाली पीढ़ी को खेलों में शामिल होने के लिए कैसे प्रेरित करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, 'आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम की शानदार जीत। फाइनल में उनका प्रदर्शन अद्भुत कौशल और आत्मविश्वास से भरा था। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण टीम वर्क और दृढ़ता दिखाई। हमारी खिलाड़ियों को बधाई। यह ऐतिहासिक जीत भविष्य की चैंपियन टीमों को खेलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी।' अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद, टीम देर रात तक जश्न मनाती रही। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) ने खिलाड़ियों के अपने परिवारों के साथ जश्न मनाते हुए कई वीडियो और तस्वीरें साझा कीं, जिनमें अंजुम चोपड़ा, झूलन गोस्वामी और मिताली राज जैसी पूर्व खिलाड़ी भी शामिल हुईं।




# सिनर ने जीता पेरिस मास्टर्स, अल्काराज़ से छीनी विश्व नंबर-1 की कुर्सी



**पेरिस (एजेंसी)।** इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस मास्टर्स 2025 का खिताब अपने नाम किया और साथ ही विश्व नंबर-1 रैंकिंग पर दोबारा कब्जा जमा लिया। फाइनल में उन्होंने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम को सीधे सेटों में 6-4, 7-6(4) से हराया। 24 वर्षीय सिनर के लिए यह जीत कई मायनों में ऐतिहासिक रही। उन्होंने न केवल अपना पहला पेरिस मास्टर्स खिताब जीता बल्कि बिना एक भी सेट गंवाए टूर्नामेंट जीतने वाले इतिहास के चौथे खिलाड़ी बने। यह सिनर का इस वर्ष का पांचवां खिताब है और उन्होंने लगातार 26वीं इनडोर हार्डकोर्ट जीत दर्ज की। फाइनल के बाद सिनर ने कहा, "यह मेरे लिए बहुत बड़ा पल है। हमने पिछले कुछ महीनों में लगातार मेहनत की है और अब उसका नतीजा देखना बेहद संतोषजनक है।"

वहीं, ऑगर-अलियासिम के लिए यह हार निराशाजनक रही। उन्हें ट्यूरिन में होने वाले एटीपी फाइनल्स में जगह बनाने के लिए यह खिताब जीतना जरूरी था, लेकिन वे मौका गंवा बैठे। इस जीत के साथ सिनर ने स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ को पीछे छोड़ते हुए एक बार फिर टेनिस जगत की शीर्ष रैंकिंग हासिल कर ली है।

# महिला टीम पर हुई पैसे की बारिश, बीसीसीआई ने आईसीसी से अधिक इनाम घोषित किया




**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने विश्वकप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए अपना खजाना खोल दिया है। बीसीसीआई ने विजेता भारतीय टीम के लिए जो इनामी राशि घोषित की है वह आईसीसी की इनामी राशि से भी अधिक है।

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर खिताबी जीत दर्ज की है। आईसीसी ने इसके बाद भारतीय टीम को 4.48 मिलियन अमेरिकी डॉलर करीब 39.78 करोड़ रुपए की इनामी राशि दी है। वहीं बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने टीम को 51 करोड़ रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

सैकिया ने कहा, साल 1983 में कप्तानी कपिल देव ने भारतीय टीम को विश्वकप में जीत दिलाकर क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की थी। आज महिलाओं ने भी वही किया है। हरमनप्रीत और उनकी टीम ने आज न केवल ट्रॉफी जीती है, बल्कि उन्होंने सभी भारतीयों का दिल भी जीता है। इससे महिला क्रिकेटरों की अगली पीढ़ी के लिए एक अच्छी राह बनी ही। टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही महिला क्रिकेट अगले स्तर पर पहुंच गया था। वहीं खिताबी जीत से वह शीर्ष पर पहुंच गया है। इससे उभरती हुई क्रिकेटरों को प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने साथ ही कहा, जय शाह के बीसीसीआई अध्यक्ष रहने के दौरान वह महिला क्रिकेट में कई बदलाव लाए थे जिसके परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने वेतन समानता पर भी ध्यान दिया था। इसके बाद आईसीसी अध्यक्ष बनने के बाद शाह ने महिलाओं की पुरस्कार राशि 300 फीसदी बढ़ा दी। पहले पुरस्कार राशि 2.88 मिलियन डॉलर थी, और अब इसे बढ़ाकर 14 मिलियन डॉलर कर दिया गया है। इन सभी कदमों ने महिला क्रिकेट को काफी बढ़ावा मिला है।

# आईपीएल 2026: एसआरएच का बड़ा फैसला, रणजी में फॉर्म में लौटे गेंदबाज को रिलीज नहीं करेगी टीम

**हैदराबाद (एजेंसी)।** घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद सनराइजर्स हैदराबाद अपने अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को रिलीज या किसी अन्य फ्रेंचाइज़ी को ट्रेड करने के पक्ष में नहीं है। शमी, जिन्होंने पिछली आईपीएल सीजन में महज छह विकेट लिए थे, इस समय रणजी ट्रॉफी 2025-26 में लाजवाब फॉर्म में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शमी के लिए कुछ टीमों ने ट्रेड ऑफर दिए थे, लेकिन SRH ने सभी प्रस्ताव ठुकरा दिए। टीम प्रबंधन का मानना है कि 35 वर्षीय शमी ने फिटनेस और लय दोनों वापस पा ली है। उन्होंने गुजरात के खिलाफ शानदार पांच विकेट झटके और बंगाल के ओपनिंग मैच में सात विकेट लेकर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया।

सूत्रों के अनुसार, नए चयनकर्ता आरपी सिंह ने भी शमी से उनकी वापसी को लेकर चर्चा की। माना जा रहा है कि अगर प्रदर्शन जारी रहा, तो उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शामिल किया जा सकता है। इस बीच, खबरें यह भी हैं कि SRH ईशान किशन को रिलीज कर सकती है, जिनके लिए मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स दिलचस्पी दिखा रही हैं।



# भारतीय तीरंदाज काफी प्रतिभाशाली : ब्रैडी एलिसन



नई दिल्ली। अमेरिका के शीर्ष तीरंदाज ब्रैडी एलिसन आजकल आयोजित तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) के लिए भारत आये हुए हैं। इसी दौरान ब्रैडी ने कहा कि भारत हमेशा ओलंपिक पदक की दौड़ में रहता है। उसके तीरंदाज काफी प्रतिभाशाली है। उन्होंने कहा, ''भारत के पास आज विश्व कप और अन्य चैंपियनशिप में ढेरों पदक हैं। अगर आप अपने सर्वश्रेष्ठ दो रिकर्व तीरंदाजों को मिश्रित टीम में उतारें, तो किसी भी टीम के लिए उन्हें हराना बहुत कठिन होगा। गौरतलब है कि तीरंदाजी को लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में पहली बार कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा को शामिल किया जायेगा। उन्होंने कहा, '' भारतीय तीरंदाजों के पदक की संभावना सिर्फ कंपाउंड में नहीं बल्कि रिकर्व में भी काफी अधिक है। अभी कई भारतीय तीरंदाज काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही कहा कि ओलंपिक अभी तीन साल दूर है, पर भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।'' एलिसन ने कहा कि किसिक ली को नए रिकर्व मुख्य कोच के रूप में नियुक्त करने की भारतीय तीरंदाजी संघ की योजना एकदम सही है। उन्होंने कहा, '' वह दुनिया के सबसे अच्छे कोच में से एक है। उन्होंने जहां भी काम किया है वहां ओलंपिक पदक और विश्व चैंपियन दिए हैं। यह भारत के लिए लाभप्रद साबित होंगे। '' साथ ही कहा कि मैंने भी अपने करियर के शुरुआती दौर में कोच किसिक ली से प्रशिक्षण लिया था।

# दिग्गज क्रिकेटरों के साथ ही एमसीए ने दी हरमनप्रीत सहित भारतीय महिला टीम को बधाई

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्वकप जीत पर दिग्गज क्रिकेटरों वेंकटेश प्रसाद, ईशांत शर्मा, सुरेश रैना, एबी डिविलियर्स के साथ ही मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने टीम को बधाई दी है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद ने सोशल मीडिया में लिखा, कप्तान हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम को ऐतिहासिक विश्व कप जीत पर ढेर सारी बधाई! आपके कौशल, दृढ़ संकल्प और जज्बे ने एक पीढ़ी को प्रेरित किया है और देश को बेहद गौरवान्वित किया है।



वहीं पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने लिखा, विश्व चैंपियन! हमारी महिला भारतीय क्रिकेट टीम का अविश्वसनीय प्रदर्शन, सच्चा टीम वर्क, दृढ़ता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन। हर खिलाड़ी ने पूरे जुनून से खेला और विश्व कप जीत। बहुत गर्व है।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिलीवियर्स ने लिखा, टीम इंडिया को बधाई। दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम को भी फाइनल में पहुंचने पर गर्व होना चाहिए। महिला क्रिकेट दुनिया भर में तरक्की कर रहा है। यह टूर्नामेंट और फाइनल मैच दोनों काफी शानदार रहे। वहीं पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने लिखा, इतिहास रच दिया! हमारी महिला टीम ने अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया है। यह जीत आने वाली पीढ़ियों तक याद रखी जाएगी। यह उनके जज़्बे, हिम्मत और भरोसे की शानदार जीत है! आपने एक अरब लोगों के दिलों को गर्व से भर दिया है!

इसके अलावा पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने लिखा, इन खिलाड़ियों के सफर को मैंने करीब से देखा है, और मैं कह सकता हूं कि यह ऐतिहासिक जीत उनकी अच्छी तैयारी, लगातार कोशिश और अटूट इरादे का परिणाम है। खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ ने हर मुश्किल का सामना शानदार अनुशासन, विश्वास और एकता के साथ किया। उनका सकारात्मक रवैया और समर्पण कभी कम नहीं हुआ। यह वर्ल्ड कप जीत दिखाती है कि जब सपना, मेहनत और भरोसा एक साथ मिलते हैं, तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

एमसीए ने सोशल मीडिया में पोस्ट किया, इतिहास रच दिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आईसीसी महिला विश्व कप जीतने पर बधाई। आपके जुनून, दृढ़ता और शक्ति ने करोड़ों दिलों को गर्व से भर दिया है।

# इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने बताया भारतीय महिला टीम की जीत का कारण

## -भारत की किसी भी टीम को हराना कठिन



नई दिल्ली। इंग्लैंड की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्वकप जीत पर प्रशंसा करते हुए कि है पिछले कुछ समय से वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। हुसेन ने कहा कि उसके खिलाड़ी फार्म में थे और उसने आईसीसी खिताब जीतने का लक्ष्य हासिल कर ही लिया। हुसैन ने कहा है कि क्रिकेट की बात करें तो भारत की पुरुष टीम हो या महिला टीम उसे हराना बेहद कठिन होता है। उन्होंने कहा कि डब्लयूपीएल शुरु होने से भी भारतीय महिला क्रिकेटर बेहतर हुई हैं। हुसैन ने कहा, 'पिछले कुछ साल में भारतीय क्रिकेट टीम का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है। विश्वकप के दौरान उनकी टीम शानदार रही। टूर्नामेंट के बीच में उन्हें थोड़ी परेशानी हुई पर उन्होंने अच्छी शुरुआत की और अंत भी अच्छा किया।' साथ ही कहा, फाइनल में दक्षिण अफीका की तुलना में भारत की कई खिलाड़ी फॉर्म में थीं। अगर आप भारतीय लाइनअप पर नजर डालें, तो टूर्नामेंट के अंत तक कई खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में थे। दूसरी ओर से दक्षिण अफ्रीकी टीम बल्लेबाजी में एक या दो खिलाड़ियों पर ज्यादा निर्भर रही है। इसीलिए उसे अतिरिक्त बल्लेबाज खिलाना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने भी अच्छा खेल दिखाया। उन्होंने भी बहुत अच्छा क्रिकेट खेला पर भारत क्रिकेट में बहुत अच्छा है, जैसा कि हमने दुनिया के इस हिस्से में देखा है, पुरुष हो या महिला टीम, किसी भी प्रारुप में, उन्हें हराना बहुत कठिन है। भारतीय टीम ने पहले दो मैच टूर्नामेंट में जीते थे पर अगले तीन मैचों में टीम को हार मिली थी। हार की हैट्रिक के बाद भी टीम दबाव में नहीं आयी और उसने जीत के साथ वापसी करते हुए इतिहास रच दिया।

# क्रिस गेल सहित कई पूर्व स्टार क्रिकेटरों के साथ हुआ स्कैम, श्रीनगर के होटल में फंसे

**श्रीनगर (एजेंसी)।** कश्मीर से नए क्रिकेट टैलेंट को खोजने के लिए एक बड़े इवेंट के तौर पर पेश की गई इंडियन हेवन प्रीमियर लीग (IHPL) एक स्कैम साबित हुई है। लीग के ऑर्गनाइजर भाग गए हैं जिससे क्रिस गेल जैसे कई पूर्व इंटरनेशनल स्टार क्रिकेटर्स बिलों का पेमेंट न होने के कारण यहां एक होटल में फंसे हुए हैं। IHPL, जो अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में यहां बड़े धूमधाम से शुरू हुई थी, मोहाली बेस्ड युवा सोसाइटी ने ऑर्गनाइज की थी।

गेल, डेवोन स्मिथ, जेसी राइडर और शाकिब-अल-हसन जैसे पूर्व क्रिकेटरों के बड़े-बड़े बिलबोर्ड शहर भर में कई जगहों पर लगाए गए थे, जिसमें बताया गया था कि ये मेगास्टार लोकल खिलाड़ियों के साथ इस लीग में खेलेंगे, जो 8 नवंबर को खत्म होने वाली थी। ज़्यादातर मैच बख्शी स्टेडियम में खेले गए जिसमें इंटरवल के दौरान लाउडस्पीकर पर म्यूजिक बजता था। हालांकि यह लीग शनिवार को अचानक खत्म हो गई क्योंकि खिलाड़ियों ने बकाया पेमेंट न मिलने के कारण मैचों में आने से मना कर दिया। ऑर्गनाइजर गायब हो गए, जिससे होटल वालों ने खिलाड़ियों को तब तक जाने से रोक दिया जब तक उनका बकाया क्लियर नहीं हो जाता।




यह मामला तब सामने आया जब मेलिसा जूनिपर, जो इस इवेंट में अंपायर थीं, ने कहा कि उन्हें पेमेंट नहीं मिला है। जूनिपर ने कहा, 'हमें कोई पेमेंट नहीं मिला है।' उन्होंने आगे कहा कि होटल स्टाफ ने उन्हें 'गायब ऑर्गनाइजर' के बारे में बताया। हालांकि पुलिस होटल गई थी, लेकिन इस बारे में कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई शुरू की है या नहीं।

गेल उन कई खिलाड़ियों में से थे जिन्होंने पिछले साल कश्मीर में लेजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में खेला था। यह इवेंट, जो इस साल की IHPLकी तरह ही एक प्राइवेट इवेंट था, ने स्टेडियम में भारी भीड़ खींची थी क्योंकि लोकल लोगों को लगभग 40 साल में पहली बार इंटरनेशनल खिलाड़ियों को एक्शन में देखने का मौका मिला था। परमिंदर सिंह, जो युवा सोसाइटी के चेयरमैन के तौर पर लिस्टेड हैं, शायद लेजेंड्स लीग की सफलता से प्रभावित होकर कश्मीर में IHPL ऑर्गनाइज करने के लिए प्रेरित हुए होंगे।

उन्होंने जम्मू और कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल के मालिक वाले बख्शी स्टेडियम को बुक किया और मैचों की मेजबानी के लिए किराया पहले ही दे दिया था। लीग खेलने के लिए 8 टीमें बनाई गईं जिसमें श्रीनगर सुल्तांस, जम्मू लायंस, लद्दाख हीरोज, पुलवामा टाइटन्स, उरी पैंथर्स, गुलमर्ग रॉयल्स, पटनीटॉप वॉरियर्स और किश्तवाड़ जायंट्स शामिल हैं। हर टीम में एक पूर्व इंटरनेशनल खिलाड़ी था।

गेल और दूसरे इंटरनेशनल स्टार्स के होने के बावजूद IHPL में भीड़ नहीं जुटी। ऑर्गनाइजर्स ने टिकटों पर भारी डिस्काउंट दिया और टिकटों की बिक्री बढ़ाने की कोशिश में एक लोकल सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर उमर जरगर की मदद ली, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। सवाल पूछे जा रहे हैं कि ऑर्गनाइजर्स युवा सोसाइटी जिसे इतने बड़े लेवल की लीग आयोजित करने का कोई पिछला अनुभव नहीं था, उसे मैच होस्ट करने के लिए बख्शी स्टेडियम का इस्तेमाल करने की इजाजत कैसे दी गई।

स्पोर्ट्स काउंसिल की सेक्रेटरी नुजहत गुल ने कहा कि ऑर्गनाइजर्स वेन्यू का इस्तेमाल मैच होस्ट करने के लिए करना चाहते थे और उन्होंने पैसे भी दिए थे। उन्होंने आगे कहा, 'मेरा IHPL से कोई लेना-देना नहीं है। मैं उद्घाटन समारोह में सिर्फ एक मेहमान के तौर पर मौजूद थी।' युवा सोसाइटी ने अपनी वेबसाइट पर IHPL की घोषणा करते समय पूर्व क्रिकेटरों सुरेंद्र खन्ना और आशु दानी की तस्वीरों का इस्तेमाल किया, लेकिन यह नहीं बताया कि संगठन में इन दोनों की क्या भूमिका थी।


# भारतीय महिला टीम की खिताबी जीत के पीछे कोच अमोल मजूमदार की रही है अहम भूमिका



नवी मुम्बई। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विश्वकप जीत के साथ ही इतिहास रच दिया। भारतीय टीम ने फाइनल में हुए एक रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीकी टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम की जीत में सभी खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही साथ ही इस जीत के सूत्रधार कोच अमोज मजूमदार भी रहे। मजूमदार स्वयं तो भारतीय टीम से खेलने का अपना सपना पूरा नहीं कर पाये पर उन्होंने महिला टीम को विश्व चैम्पियन जरुर बना दिया।

उन्हें दो साल पहले अक्टूबर 2023 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का कोच नियुक्त किया गया था। उसके बाद से ही वह टीम को नया रुप देने में लग गये थे। उन्होंने टीम में भरोसा पैदा किया कि वे आईसीसी खिताब जीतने में सक्षम है। इससे पहले होता ये आया था कि टीम बड़े मुकाबलों में दबाव में आ जाती थी पर इस बार ऐसा नहीं हुआ। इसी कारण टीम दक्षिण अफ्रीका को हराने में सफल रही। साल 2005 और 2017 में टीम खिताबी मुकाबले में धैर्य खो बैठी थी पर इस बार ऐसा नहीं हुआ। टीम की जीत के बाद उन्होंने कहा, मेरे पास खुशी जाहिर करने के लिए शब्द नहीं है। ये बहुत ही गर्व का क्षण है। टीम ने कड़ी मेहनत और विश्वास के साथ हर भारतीय को गर्व करने का मौका दिया। मजूमदार ने प्रथम श्रेणी में 11 हजार से ज्यादा रन बनाये थे इसके बाद भी उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली थी। भारतीय टीम ने एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर जीत दर्ज की। जीत के बाद कप्तान हरमनप्रीत ने कोच अमोल मजूमदार के पैर छुए। इसका कारण है कि टीम की खिताबी जीत के शिल्पी कोच रहे। वह पर्दे के पीछे रहकर टीम का लगातार मार्गदर्शन करते रहे। मजूमदार ने अपने करियर में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, विनोद कांबली सहित कई दिग्गजों के साथ खेला था, ऐसे में उनके पास अनुभव का खजाना था। वह साल 1994 में भारतीय अंडर-19 टीम के उपकप्तान भी रहे थे। उन्होंने भारत ए की ओर से राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली के साथ भी खेला था। अमोल ने मुम्बई के लिए रणजी ट्रॉफी के अपने डेब्यू मैच में ही 260 रन बनाकर धमाका कर दिया था। वह एक ऐसे दौर में उभरे थे जिस समय भारतीय टीम के पास सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली जैसे सितारे थे। इस कारण अमोल को अवसर नहीं मिला। अमोल ने साल 2014 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट से संन्यास ले लिया और इस तरह 21 साल का उनका क्रिकेटर करियर समाप्त हुआ। इसके बाद ही उन्हे भारतीय महिला टीम का कोच बनाया गया।

# गंभीर ने भारतीय महिला टीम को बधाई दी , ये जीत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी



सिडनी। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने आईसीसी महिला विश्व कप में मिली शानदार जीत पर भारतीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए कहा कि आपने न केवल इतिहास रचा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने का काम भी किया है। गंभीर ने टीम के जीत दर्ज करते ही कहा कि इससे भावी पीढ़ियों की लड़कियों को इस खेल को अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। भारतीय टीम ने साल 2005 और 2017 के फाइनल में मिली हार से उबरते हुए इस बार कोई गलती नहीं की। टीम को बधाई देते हुए, गंभीर ने सोशल मीडिया में लिखा, 'आपने न केवल इतिहास रचा है, बल्कि एक ऐसी विरासत भी बनाई है जो आने वाली पीढ़ियों की लड़कियों को प्रेरित करेगी!' भारतीय क्रिकेट टीम ने खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला आईसीसी महिला विश्व कप खिताब जीता।

# महिला विश्व कप : यह मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा कैच, वोल्वार्ड्ट के कैच पर बोली अमनजोत कौर

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** महिला विश्व कप के फाइनल में अपने शानदार क्षेत्ररक्षण से दक्षिण अफ्रीका की सलामी जोड़ी को पवेलियन भेजने में योगदान देने वाली अमनजोत कौर ने कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट के कैच को अपने अब तक के करियर का सबसे बड़ा कैच करार दिया। भारत ने रविवार का यहां फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से शिकस्त देकर पहली बार विश्व कप के खिताब को अपने नाम किया।

अमनजोत ने दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्स को रन आउट कर वोल्वार्ड्ट के साथ पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने इसके बाद 42वें ओवर में वोल्वार्ड्ट का शानदार कैच उस समय लपका जब वह शतक पूरा कर भारत और जीत के बीच खड़ी थी। दक्षिण अफ्रीका को आखिरी आठ ओवर में 79 रन की जरूरत थी और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 रन बनाने वाली वोल्वार्ड्ट फाइनल में भी शतक पूरा करने के बाद बड़े शॉट खेलने की तैयारी में थी।

उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद को डीप मिडविकेट की तरफ खेला और अमनजोत के हाथ से गेंद दो बार छिटकी लेकिन उन्होंने तीसरे प्रयास में कैच पूरा कर स्टेडियम में मौजद दर्शकों के साथ टीम के खिलाड़ियों में जोश भर दिया।। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'वह मेरी जिंदगी का सबसे मुश्किल कैच था, मैंने आज तक कभी मेरे हाथ से गेंद इस तरह से नहीं छिटकी थी। मैं या तो कैच लपकती थी या छूट जाता था। यह पहली बार है जब भगवान ने मुझे तीन मौके दिए।' उन्होंने कहा, 'वोल्वार्ड्ट का कैच काफी अहम था और उसके शतक के बाद हमें पता था कि वह एक छोर से बड़े शॉट खेलने की कोशिश करेगी।'

अमनजोत ने कहा कि वह गेंद और बल्ले की नाकामी को क्षेत्ररक्षण से पूरा करना चाहती थी। उन्होंने कहा, 'मैं बल्ले से बड़ा योगदान नहीं दे सकी थी और गेंदबाजी में भी बहुत प्रभावी नहीं थी, ऐसे में मेरा ध्यान बेहतर क्षेत्ररक्षण से उस कमी को पूरा करने पर था। मुझे पता था कि क्षेत्ररक्षण अच्छा रहेगा तो हम कुछ रन बचाकर दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें बढ़ा सकते है।' अमनजोत ने दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें इससे पहले ब्रिट्स को रन आउट कर बढ़ दी थी। उनके सटीक थ्रो पर रन चुराने की कोशिश कर रही ब्रिट्स को पवेलियन लौटना पड़ा।

उन्होंने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी के समय पिच थोड़ी बल्लेबाजी के अनुकूल हो गयी थी। हम यही बात कर रहे थे कि साझेदारी तोड़ना काफी जरूरी है। हम नहीं चाहते थे कि किसी भी मौके को हाथ से जाने दे। दूधिया रोशनी में ओस गिरने के बाद क्षेत्ररक्षण मुश्किल हो जाता है।'




# श्रीलंकाई प्रीमियर लीग (एलपीएल) क्रिकेट का छठा सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा

कोलंबो। श्रीलंकाई प्रीमियर लीग (एलपीएल) क्रिकेट का छठा सत्र इस साल के अंत में खेला जाएगा। इसमें भारतीय क्रिकेटर पहली बार खेलते हुए नजर आयेंगे। श्रीलंकाई प्रीमियर लीग (एलपीएल) के आयोजकों ने कहा है कि लीग का छठा सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में कुल 24 मैच होंगे जिसमें 20 लीग मैच और चार नॉकआउट मुकाबले होंगे। ये मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी के पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला के रनगीरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# भारत में पेट्रोल की खपत बढ़ी, डीजल की बिक्री में गिरावट

**पेट्रोल की खपत में 7.03 प्रतिशत की वृद्धि, डीजल में सालाना आधार पर 0.48 प्रतिशत गिरावट**

**नई दिल्ली**

तेल मंत्रालय के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर में पेट्रोल की खपत में सालाना आधार पर 7.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसकी प्रमुख वजह त्योहार के कारण बढ़ी मांग है। इस महीने में पेट्रोल की घरेलू खपत 36.5 लाख टन रही, जो पिछले साल अक्टूबर में 34.1 लाख टन थी।

देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन डीजल की खपत में सालाना आधार पर 0.48 प्रतिशत गिरावट आई है। पेट्रोलियम प्लानिंग ऐंड एनॉलिसिस सेल (पीपीएसी) की रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर में पेट्रोल की खपत 76 लाख टन रही।

सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और कंप्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) से चलने वाले वाहनों के इस्तेमाल के कारण डीजल की मांग में कमी आई है, जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से वाणिज्यिक वाहनों और कृषि मशीनरी में होता है।

विमान में इस्तेमाल होने वाले ईंधन (एटीएफ) की मांग इस माह के दौरान सालाना आधार पर 1.57 प्रतिशत बढ़ी है, जो मुख्य रूप से त्योहारी यात्रा की वजह से हुआ है।

अक्टूबर में एटीएफ की खपत 76.9 लाख टन रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 75.7 लाख टन थी। अक्टूबर में रसोई गैस (एलपीजी) की खपत भी 5.42 प्रतिशत बढ़ी है और यह पिछले साल अक्टूबर के 28.2 लाख टन की तुलना में इस साल अक्टूबर में बढ़कर 29.4 लाख टन हो गई।

## रुपया सात पैसे टूटकर 88.77 प्रति डॉलर पर खुला




**मुंबई** रुपया सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार में सात पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.77 पर आ गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों एवं वैश्विक व्यापार को लेकर अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की सतत निकासी से घरेलू मुद्रा पर दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.73 प्रति डॉलर पर खुला। फिर 88.77 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद स्तर से सात पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 88.70 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.59 पर आ गया।

## बजाज ऑटो की थोक बिक्री अक्टूबर में आठ प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली** बजाज ऑटो की निर्यात सहित कुल थोक बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 5,18,170 इकाई हो गई। अक्टूबर 2024 में उसने 4,79,707 वाहन बेचे थे। वाहन विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि कुल घरेलू बिक्री अक्टूबर में तीन प्रतिशत बढ़कर 3,14,148 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 3,03,831 इकाई थी। अक्टूबर में कुल निर्यात सालाना आधार पर 1,75,876 इकाई से 16 प्रतिशत बढ़कर 2,04,022 इकाई हो गया। वहीं अक्टूबर में निर्यात सहित दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री सालाना आधार पर 4,14,372 इकाइयों की तुलना में सात प्रतिशत बढ़कर 4,42,316 इकाई हो गई। दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 2,66,470 इकाई रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 2,55,909 इकाई थी।

## पाइन लैब्स का आईपीओ सात नवंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली** वित्त प्रौद्योगिकी कंपनी पाइन लैब्स ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 210-221 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि उसका 3,900 करोड़ रुपये का आईपीओ सात नवंबर को सार्वजनिक अभिदान के लिए खुलेगा और 11 नवंबर को संपन्न होगा। बड़े निवेशक छह नवंबर को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ 2,080 करोड़ रुपये के नए शेयर और 8.23 करोड़ से अधिक शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। कंपनी की योजना नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग ऋण चुकाने, आईटी परिसंपत्तियों में निवेश, क्लाउड बुनियादी ढांचे पर व्यय, प्रौद्योगिकी विकास पहल और 'डिजिटल चेकआउट पॉइंट्स' की खरीद के लिए करने की है।

## कोल इंडिया का उत्पादन अक्टूबर में 9.8 प्रतिशत घटा



**मुंबई** देश की प्रमुख कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड का अक्टूबर 2025 में उत्पादन सालाना आधार पर 9.8 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5.64 करोड़ टन रह गया। कंपनी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर माह के दौरान कोयले का वितरण भी 5.9 प्रतिशत घटकर 5.83 करोड़ टन रह गया। अप्रैल-अक्टूबर 2025 के दौरान कंपनी का संचयी उत्पादन 38.53 करोड़ टन रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 4.5 प्रतिशत कम है।

## अक्टूबर में यूपीआई ने तोड़ा रिकॉर्ड, 27.28 लाख करोड़ के डिजिटल लेनदेन हुए




**त्योहारी सीजन और जीएसटी 2.0 सुधारों से बढ़ी डिजिटल गतिविधियां**

**मुंबई** अक्टूबर माह डिजिटल भुगतान के इतिहास में रिकॉर्ड बनाने वाला साबित हुआ। इस दौरान यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) से 20.7 अरब लेनदेन हुए, जिनका कुल मूल्य 27.28 लाख करोड़ रहा। यह अब तक का सर्वोच्च आंकड़ा है। सितंबर की तुलना में अक्टूबर में लेनदेन की संख्या 5 प्रतिशत और मूल्य 10 प्रतिशत अधिक रहा। इस वृद्धि के पीछे त्योहारी सीजन में बढ़ती खरीदारी और जीएसटी 2.0 सुधारों को प्रमुख कारण माना जा रहा है। अन्य प्रणालियों में भी सकारात्मक रुझान दिखा। आईएमपीएस लेनदेन सितंबर के 39.4 करोड़ से बढ़कर 40.4 करोड़ और मूल्य 6.42 लाख करोड़ पहुंच गया। फास्टैग से अक्टूबर में 36.1 करोड़ लेनदेन हुए, जबकि आधार आधारित भुगतान प्रणाली में भी 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। भारत अब तेज़ी से डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## लेंसकार्ट की एआई से लैस 'स्मार्ट' चश्मे लाने की योजना




**नई दिल्ली** चश्मे एवं लेंस की खुदरा विक्रेता लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड दिसंबर के ओ खिर तक एआइ से लैस स्मार्ट चश्मे लाने की तैयारी कर रहा है। कंपनी में इसे आंतरिक रूप से अभी 'बी बाय लेंसकार्ट स्मार्टग्लासेस' कहा जाता है। इन कृत्रिम मेधा से लैस चश्मों के स्वास्थ्य व कल्याण संबंधी तथा अन्य जानकारी मुहैया कराने सहित यूपीआई भुगतान करने में सक्षम होने की उम्मीद है। जेमिनी 2.5 पर विकसित इन 'स्मार्ट' चश्मों की कीमत अभी तय नहीं की गई है। इससे जुड़ी जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा` कि इन स्मार्ट ग्लास का उद्देश्य आईवियर अनुभव में कृत्रिम मेधा (एआई) और वाणिज्य को लाना है जहां आपका चश्मा न केवल दृष्टि के लिए बल्कि बातचीत और सुविधा के लिए भी होगा। सके संभवतः क्वालकॉम के स्नैपड्रैगन एआर1 जेन-1 मंच द्वारा संचालित होने की उम्मीद है। यह एक चिपसेट है। इस संबंध में लेंसकार्ट ने अभी कोई जानकारी नहीं दी है।

# मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ भारतीय बाजार

**सेंसेक्स 40 अंक चढ़ा, निफ्टी 25700 के पार**

**नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 39.78 अंक या 0.05 प्रतिशत उछलकर 83,978.49 अंक पर बंद हुआ। इसके 14 शेयरों में तेजी और 16 में गिरावट रही। कारोबार के दौरान इसने 84,127 के उच्चतम और 83,609.54 के निम्नतम स्तर को छुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 41.25 अंक या 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,763.35 पर आ गया। चुनिंदा वाहन और बैंकिंग शेयरों में लिवाली से दो दिन से जारी गिरावट थम गई।

रुपये में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ 88.75 (अनंतिम) पर बंद हुआ, जो अब तक के सबसे निचले स्तर के करीब है। विश्लेषकों ने कहा कि नए घरेलू उत्प्रेरक के अभाव और विदेशी फंडों की निकासी के कारण उच्च स्तर पर मुनाफावसूली से बाजार सीमित दायरे में रहा।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में, महिंद्रा एंड महिंद्रा सबसे ज़्यादा 1.7 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे ऊपर रही। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स में 1.69 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इटरनल, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक भी प्रमुख लाभ में रहे। वहीं मारुति सुजुकी में सबसे ज़्यादा 3.37 प्रतिशत की गिरावट आई। आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़, लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और टाइटन के शेयर सबसे ज़्यादा गिरे।

### यूरोपीय बाजार में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

## 1.21 लाख के पार पहुंचा सोना



**नई दिल्ली** सोने-चांदी के दाम में सोमवार को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (इब्जा) के अनुसार 10 ग्राम सोना 343 रुपए बढ़कर 1,21,113 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले सोने की कीमत 1,20,770 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी 535 रुपए बढ़कर 1,49,660 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई। इससे पहले इसकी कीमत 1,49,125 प्रति किलोग्राम थी। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इब्जा की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं।

# अमेरिका के बढ़े टैरिफ से भारत के निर्यात में पांच माह में 37.5 फीसदी गिरावट

**फार्मा, टेक्सटाइल, मेटल्स और सोलर पैनल सेक्टर पर सबसे ज्यादा असर**

**नई दिल्ली**



अमेरिका द्वारा भारत पर आयात शुल्क (टैरिफ) बढ़ाए जाने का असर अब भारत के निर्यात आंकड़ों में साफ दिखाई देने लगा है। थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के अनुसार मई से सितंबर 2025 के बीच भारत का अमेरिका को निर्यात 37.5 प्रतिशत घटकर 8.8 अरब डॉलर से 5.5 अरब डॉलर रह गया। यह गिरावट मुख्य रूप से 27 अगस्त 2025 को लागू किए गए अमेरिकी टैरिफ फैसले के बाद देखी गई, जिसके तहत भारत के कई उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा झटका फार्मास्युटिकल्स, मेटल्स, स्मार्टफोन्स और ऑटो पार्ट्स जैसे उद्योगों को लगा है। फार्मा निर्यात 15.7 प्रतिशत घटकर 745.6 मिलियन डॉलर से 628.3 मिलियन डॉलर रह गया। औद्योगिक धातुओं में एल्यूमिनियम 37, कॉपर 25, आयरन-स्टील 8, और ऑटो पार्ट्स में 12 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। श्रम-प्रधान उद्योगों पर इसका असर और गहरा रहा। टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वेलरी, केमिकल्स, कृषि उत्पाद और मशीनरी के निर्यात में 33 प्रतिशत की गिरावट आई। सोलर पैनल का निर्यात तो 60.8 प्रतिशत घट गया। मई के 202.6 मिलियन डॉलर से घटकर सितंबर में 79.4 मिलियन डॉलर रह गया। टेक्सटाइल और परिधान उद्योग में भी भारी नुकसान हुआ, जहां निर्यात 944 मिलियन डॉलर से घटकर 597 मिलियन डॉलर रह गया। जीटीआरआई ने कहा कि यह गिरावट केवल भारत की प्रतिस्पर्धा-क्षमता की कमी नहीं दर्शाती, बल्कि अमेरिकी औद्योगिक सुस्ती का भी संकेत देती है।

## स्मॉल कैप फंड्स ने तीन साल में निवेशकों को दिया शानदार रिटर्न




**मुंबई** घरेलू शेयर बाजार में हालिया उतार-चढ़ाव के बावजूद कुछ स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड्स ने निवेशकों को चौंकाने वाला रिटर्न दिया है। एएमएफआई के 30 अक्टूबर तक के आंकड़ों के अनुसार, बीते तीन साल में बंधन स्मॉल कैप फंड ने सबसे अधिक रिटर्न दिया। इसके डायरेक्ट प्लान ने 33.10 फीसदी और रेगुलर प्लान ने 31.25 फीसदी का रिटर्न हासिल किया। इंवेस्को इंडिया स्मॉल कैप फंड का डायरेक्ट प्लान 27.76 फीसदी और रेगुलर प्लान 26.00 फीसदी का रिटर्न देने में सफल रहा। क्वांट स्मॉल कैप फंड ने डायरेक्ट प्लान में 25.82 फीसदी और रेगुलर प्लान में 24.52 फीसदी रिटर्न दिया। स्मॉल कैप फंड्स ने बाजार की गिरावट के बावजूद निवेशकों को बेहतर लाभ पहुंचाया। डायरेक्ट प्लान रेगुलर प्लान की तुलना में हमेशा बेहतर रिटर्न प्रदान करता है।

# टाटा ट्रस्ट्स विवाद में नया मोड़: मेहली मिस्त्री ने बोर्ड बदलावों पर रोक की मांग कर दायर की कैविएट

**पुनर्नियुक्ति से वंचित उद्योगपति ने कहा, बिना मेरी बात सुने ट्रस्ट कोई निर्णय न ले**

**नई दिल्ली**




टाटा ट्रस्ट्स के भीतर उठे मतभेद अब कानूनी मोड़ पर पहुंच गए हैं। उद्योगपति मेहली मिस्त्री, जिन्हें हाल ही में ट्रस्ट्स के बोर्ड में दोबारा नियुक्ति नहीं मिली, ने मुंबई के चैरिटी कमिश्नर के समक्ष कैविएट दाखिल की है। इस कानूनी कदम के तहत उन्होंने अनुरोध किया है कि ट्रस्ट बोर्ड में किसी भी तरह के बदलाव से पहले उन्हें अपनी बात रखने का अवसर दिया जाए। कैविएट एक ऐसा प्रावधान है, जिसके तहत कोई व्यक्ति अदालत या सक्षम प्राधिकारी से यह आग्रह करता है कि बिना उसकी बात सुने कोई आदेश पारित न किया जाए। मिस्त्री ने यह नोटिस सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट, सर रतन टाटा ट्रस्ट और बाई हिराबाई जमसेटजी नवसारी चैरिटेबल इंस्टिट्यूशन के सभी ट्रस्टीज़, जिनमें चेयरमैन नोएल टाटा भी शामिल हैं, को भेजा है। मिस्त्री का तर्क है कि 17 अक्टूबर 2024 को ट्रस्ट्स ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार सभी मौजूदा ट्रस्टी अपने कार्यकाल के बाद स्थायी ट्रस्टी के रूप में फिर से नियुक्त किए जाएंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता के अनुसार, महाराष्ट्र पब्लिक ट्रस्ट्स एक्ट और ट्रस्ट डीड के तहत यह प्रस्ताव कानूनी रूप से बाध्यकारी है और इसे रद्द करने के लिए नई मीटिंग बुलाना अनिवार्य है। हालांकि, कुछ ट्रस्टीज़ का कहना है कि वह प्रस्ताव केवल प्रक्रिया का हिस्सा था, बाध्यकारी नहीं। वरिष्ठ वकील ने कहा कि मिस्त्री को यह साबित करना होगा कि उनकी पुनर्नियुक्ति में कानूनी त्रुटि या ट्रस्ट डीड का उल्लंघन हुआ है। चैरिटी कमिश्नर केवल कैविएट की वैधता की जांच कर सकते हैं, ट्रस्ट के आंतरिक निर्णयों पर नहीं।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने बेचा 35 टन सोना

**रिजर्व बैंक का कुल फॉरेक्स रिजर्व में 6.92 अरब डॉलर गिरावट दर्ज की गई**

**मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स रिजर्व) को स्थिर रखने के लिए बाजार में हस्तक्षेप किया, रिजर्व बैंक ने लगभग 35 टन सोना बेचा है। यह घटना 24 अक्टूबर 2025 को समाप्त हुये सप्ताह से जुड़ी है। रिजर्व बैंक का कुल फॉरेक्स रिजर्व में 6.92 अरब डॉलर (करीब 60,000 करोड़ रुपये) की गिरावट दर्ज की गई है। यह गिरावट मुख्य रूप से डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी के कारण हुई है।

रुपए के मुकाबले डॉलर की कीमत तथा भुगतान संतुलन के लिए आरबीआई को यह हस्तक्षेप करना पड़ा है। सोने के भंडार में कमी- 24 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.01 अरब डॉलर घटकर 105.536 अरब डॉलर रह गया है। इस कमी के पीछे 35 टन सोने की बिक्री प्रमुख कारण रही है।

सोने की कीमतों में वैश्विक उछाल के बावजूद आरबीआई के पास अभी भी 105 अरब डॉलर से अधिक मूल्य का सोना स्टॉक मे है। कुल फॉरेक्स रिजर्व- रिजर्व बैंक का फॉरेक्स रिजर्व 695.35 अरब डॉलर पर आ गया है। जो पिछले सप्ताह के 702.27 अरब डॉलर से कम है।

इसमें विदेशी मुद्रा संपत्ति 5.58 अरब डॉलर, स्वर्ण भंडार में 3.01 अरब डॉलर, एसडीआर में 0.11 अरब डॉलर और आईएमएफ रिजर्व पोजीशन में 0.22 अरब डॉलर की कमी दर्ज हुई है ।

डॉलर को संभालने बेचना पड़ा सोना- रुपये को डॉलर की मजबूती से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए आरबीआई ने डॉलर खरीदे और सोना बेचा है। सोना आरबीआई के रिजर्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कुल रिजर्व का लगभग 13-15 फीसदी हिस्सा सोने के रूप में है।

जब सभी सोना खरीद रहे हैं, तब रिजर्व बैंक ने सोना बेचा- दुनिया के सभी फेडरल बैंक सोना खरीद रहे हैं, भारत सोना बेच रहा है। इससे भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साख पर असर पडना तय है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में आरबीआई ने 57.5 टन सोना खरीदा था।

# ईडी ने रिलायंस ग्रुप की 3,000 करोड़ की संपत्तियां कुर्क कीं



**मनी लॉन्ड्रिंग जांच में बड़ी कार्रवाई, कंपनी ने आरोपों को बताया निराधार**

**मुंबई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिजनेसमैन अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 3,000 करोड़ रुपये की संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। यह कदम धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के दौरान उठाया गया है। जांच एजेंसी ने पुष्टि की है कि यह कुर्की रिलायंस ग्रुप की विभिन्न कंपनियों और अनिल अंबानी से जुड़े लेनदेन के मामले में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि कुर्क संपत्तियों से जुड़ा विस्तृत बयान जल्द जारी किया जाएगा। ईडी की यह कार्रवाई उस जांच का हिस्सा है, जिसमें अनिल अंबानी की कई ग्रुप कंपनियों पर बैंकों से लिए गए कर्ज में धोखाधड़ी और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप हैं। एजेंसी 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की संदिग्ध लेनदेन की जांच कर रही है, जिसमें रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर भी शामिल है। इसी मामले में इस साल अगस्त में ईडी ने अनिल अंबानी से भी पूछताछ की थी। इस बीच, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भी अनिल अंबानी और उनकी कंपनियों की जांच कर रहा है। सीबीआई ने यस बैंक, उसके पूर्व सीईओ राणा कपूर और उनके रिश्तेदारों की कंपनियों के साथ रिलायंस ग्रुप की कथित धोखाधड़ी वाली डील्स में चार्जशीट दाखिल की है। रिलायंस ग्रुप ने सभी आरोपों से इनकार किया है। कंपनी ने अपने बयान में कहा कि 17,000 करोड़ रुपये की अनियमितताओं और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी बातें पूरी तरह काल्पनिक हैं। कंपनी का कहना है कि वह बैंकों और वित्तीय संस्थानों के कर्ज से मुक्त है तथा जून 2025 तक उसका नेटवर्थ 14,883 करोड़ रुपये है। फिलहाल ईडी की कार्रवाई के बाद मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया का इंतजार है।

# विदेशी फर्मों की दुर्लभ खनिज ऑक्साइड आपूर्ति में रुचि

**पीएलआई योजना से मैग्नेट उत्पादन को मिलेगी रफ्तार**

**मुंबई**



भारत सरकार की दुर्लभ स्थायी मैग्नेट उत्पादन को बढ़ावा देने वाली उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को अंतरराष्ट्रीय खनन और रिफाइनिंग कंपनियों का समर्थन मिला है। ब्रिटेन की रेनबो रेयर अर्थ्स, ऑस्ट्रेलिया की लिनास रेयर अर्थ्स और इलुका रिसोर्सेज जैसी प्रमुख कंपनियों ने आश्वासन दिया है कि वे बोली जीतने वाली भारतीय कंपनियों को दुर्लभ खनिज ऑक्साइड की पर्याप्त मात्रा दीर्घकालिक अनुबंधों के माध्यम से आपूर्ति कर सकती हैं। भारी उद्योग मंत्रालय के अनुसार, योजना के तहत निजी कंपनियों को 7,350 करोड़ के प्रोत्साहन के साथ पांच 6,000 टन वार्षिक उत्पादन क्षमता वाले संयंत्र स्थापित करने होंगे। इन संयंत्रों में कुल 6,000 टन स्थायी मैग्नेट का उत्पादन करने के लिए लगभग 1,500 टन दुर्लभ खनिज ऑक्साइड की आवश्यकता होगी। वर्तमान में इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड केवल 500 टन तक आपूर्ति कर सकती है, इसलिए शेष 1,000 टन का आयात करना अनिवार्य है।




# साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म ह्यूमन कोकेन में नजर आएंगे सिद्धांत कपूर

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर जहां इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में शुमार हैं। मैडॉक की स्त्री और स्त्री 2 जैसी फिल्मों ने उनके करियर को बुलंदी पर पहुंचाया है। वहीं, तुलनात्मक रूप से उनके भाई सिद्धांत कपूर का करियर काफी पीछे है। यूं तो इंडस्ट्री में उन्हें 12 साल गुजर गए, मगर पूरे करियर में वे सिर्फ एक हिट फिल्म का हिस्सा बन पाए हैं। इन दिनों सिद्धांत अपनी आगामी फिल्म को लेकर एक बार फिर चर्चा में हैं। सिद्धांत कपूर की आगामी फिल्म का नाम है, ह्यूमन कोकेन। यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। सिद्धांत के अलावा फिल्म में इशिता राज, जाकिर हुसैन, पुष्कर जोग और ब्रिटिश एक्टर्स नजर आएंगे। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें स्टारकास्ट के लुक शेयर किए हैं। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट बताई है। ह्यूमन कोकेन 16 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म में सिद्धांत कपूर का लुक देखने लायक है। सिद्धांत कपूर बॉलीवुड फिल्मों में खूंखार विलेन का किरदार अदा करने वाले शक्ति कपूर और शिवांगी कोल्हापुरी के बेटे हैं। श्रद्धा कपूर उनकी बहन हैं। सिद्धांत कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। हालांकि, उन्होंने इंडस्ट्री में करियर की शुरुआत असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर की थी। सिद्धांत कपूर ने फिल्मों में करियर की शुरुआत असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर की थी। उन्होंने ली स्ट्रेसबर्ग थिएटर एन्ड फिल्म इंस्टीट्यूट से फिल्ममेकिंग और एक्टिंग का कोर्स किया। इसके बाद एक डिस्क जॉकी के रूप में शुरुआत की। सिद्धांत ने करीब दो साल तक प्रियदर्शन के साथ कई फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया। इनमें चुप चुपके, भूल भुलैया, भागम भाग, और ढोल जैसी फिल्में शामिल हैं।

## 2013 में शुरू किया अभिनय

सिद्धांत कपूर के अभिनय करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2013 में पहली बार फिल्म शूटआउट एट वडाला में अभिनय किया। इसमें जॉन अब्राहम लीड रोल में थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत रही थी। इसके बाद सिद्धांत ने अगली में असिस्ट भी किया और एक छोटे से रोल में भी नजर आए। सिद्धांत जज्बा, हसीना पारकर, पलटन, हेलो चार्ली भूत-पार्ट 1 और चेहरे शामिल हैं। सिद्धांत वेब सीरीज भौकाल में भी नजर आ चुके हैं। उनका किरदार नेगेटिव था। इस साल सिद्धांत को नेटफ्लिक्स की सीरीज मंडला मर्डर्स में देखा गया था। इसके अलावा बहुत ही कम लोग जानते होंगे कि सिद्धांत ने 1997 में आई सलमान खान की फिल्म जुड़वां में भी अभिनय किया था। वह रंगीला के रूप में नजर आए थे।



# सोनम ने बताया कितना मुश्किल था फिल्म एक दीवाने की दीवानियत का किरदार?

**फिल्म एक दीवाने की दीवानियत में हर्षवर्धन राणे एक जुनूनी प्रेमी बने हैं। सोनम का रोल भी एकदम हटकर है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म और अपने किरदार को लेकर सोनम ने कई दिलचस्प बातें साझा कीं।**

**आपको हर्षवर्धन के साथ मूवी करके कैसा लगा?**

बहुत अच्छा लगा। बहुत कुछ सीखने को मिला मुझे। जब भी आपको इतने अच्छे एक्टर के साथ काम करने का मौका मिलता है, तो शानदार अनुभव रहता है। मैं बहुत ब्लेस्ड हूं। वह अपने काम को लेकर बहुत गंभीर हैं। ऐसे लोगों के साथ आप जब काम करते हैं तो आपकी फिल्म भी अच्छी बनती है और आपको काम करके भी मजा आता है। मेरा एक्सपीरियंस अच्छा रहा।

**आपने इस फिल्म में इतना चैलेंजिंग रोल अदा किया है। कितना मुश्किल लगा?**

मुश्किल से ज्यादा मैंने बहुत एंजॉय किया। एंजॉय इसलिए, क्योंकि मेरे पास ऐसा मौका आया, जिसका मैं इंतजार लंबे वक्त से कर रही थी। मुझे अभी भी लगता है कि जितना इमोशनल रोल मैं कर सकती हूं बतौर कलाकार, वह मौका अब भी नहीं मिला। मगर, जितना भी मौका मिला, मैंने किया। मुझे बहुत मजा आया। मुझे चैलेंजिंग रोल करके मजा आता है।

**आप बहुत अच्छे से हिंदी बोल लेती हैं, क्योंकि फिल्म में बोली है। तो क्या शुरू से इतनी अच्छी हिंदी रही है?**

मेरा जन्म उत्तराखंड में हुआ है। मेरी परवरिश यूपी में हुई है। मैं एक सिख परिवार में पली-बढ़ी हूं तो मुझे पंजाबी भी लिखनी, पढ़नी बोलनी सब आती है। हिंदी मैंने ऐसा कभी सोचा नहीं कि मेरी बहुत अच्छी है कि क्या है? मैं रोजमर्रा में हिंदी में बात करती हूं। ये मुझे लेकर परसेप्शन है कि मैं पंजाबी फिल्मों में काम करती हूं तो मेरी हिंदी ठीक नहीं है।

# डॉन पलथारा की अगली फिल्म में दिलीश पोथन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी पार्वती थिरुवोथु



नेशनल अवॉर्ड विजेता पार्वती थिरुवोथु अब डॉन पलथारा की अगली फिल्म की हीरोइन बनने जा रही हैं. इस फिल्म में उनके साथ होंगे मलयालम सिनेमा के चर्चित फिल्ममेकर-एक्टर दिलीश पोथन. दो जबरदस्त दिमाग और एक कमाल की परफॉर्मर — ऐसा तिकडी इकट्ठा हो रहा है जो मलयालम सिनेमा में कुछ नया बातचीत शुरू करा सकता है. पार्वती थिरुवोथु ने इंस्टाग्राम पर लिखा — डॉन पलथारा की बनाई दुनिया में कदम रख रही हूं, वह भी दिलीश पोथन के साथ. बेसब्र हूं. पहली बार पार्वती, डॉन और दिलीश साथ काम कर रहे हैं. डॉन पलथारा का सिनेमा अपने अंदर छुपी कोमल परतों, रिश्तों की तहों और चुपचाप बोल देने वाले इमोशन्स के लिए जाना जाता है — जो पार्वती थिरुवोथु की बारीक और संवेदनशील एक्टिंग से एकदम मैच बैठता है. वहीं दिलीश पोथन खुद एक दमदार निर्देशक और बेहद नपे-तुले मगर असरदार अभिनेता माने जाते हैं. कहानी अभी राज में है, पर कहा जा रहा है कि यह इमोशन से भरी ड्रामा फिल्म होगी.




# सामने आई अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर अभिनीत डकैत की रिलीज डेट

अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर अभिनित फिल्म डकैत की नई रिलीज डेट तय हो गई है। पहले यह फिल्म दिसंबर 2025 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन शेष की चोट के कारण इसकी नई रिलीज डेट जारी की गई है।

## मृणाल ठाकुर ने शेयर किया पोस्ट

मृणाल ने अपनी आगामी फिल्म डकैत का एक नया पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और साथ ही फिल्म की नई रिलीज डेट से पर्दा उठाते हुए कैप्शन में लिखा, डकैत के साथ धमाकेदार ड्रामा का अनुभव करें। 19 मार्च, 2026 को हिंदी और तेलुगु में दुनिया भर में भव्य रिलीज।

## डकैत और लव एंड वॉर में होगा मुकाबला

टीम ने आज आधिकारिक तौर पर इंस्टाग्राम पर डकैत की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। डकैत 19 मार्च, 2026 को, उगादि और ईद के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कथित तौर पर यह संजय लीला भंसाली की रोमांटिक ड्रामा फिल्म लव एंड वॉर के आस पास रिलीज होगी, जिसमें आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल मुख्य भूमिका में हैं। लव एंड वॉर 20 मार्च, 2026 को रिलीज हो रही है।

## डकैत के बारे में

फिल्म डकैत एक प्रेम कहानी है। शेष और मृणाल के अलावा फिल्म में अनुराग कश्यप की अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन शनील देव ने किया है। यह फिल्म हिंदी और तेलुगु में रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी और पटकथा अदिवी शेष और शनील देव ने मिलकर लिखी है। इस रोमांटिक एक्शन थ्रिलर में प्रकाश राज, सुनील, अतुल कुलकर्णी और जैन मैरी खान भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# स्पिरिट में हुई कोरियन एक्टर डॉन ली की एंट्री

**साउथ इंडियन सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म स्पिरिट में अब एक रोमांचक मोड़ आया है। इस फिल्म से अब एक कोरियन एक्शन एक्टर जुड़ गए हैं।**



डॉन ली का फिल्म में स्वागत

बुधवार को मेकर्स ने ऐलान किया कि ट्रेन टू बुसान और इटर्नल्स के लिए मशहूर एक्टर डॉन ली ने संदीप वांदा रेड्डी की एक्शन फिल्म स्पिरिट साइन कर ली है। मेकर्स ने उनका स्वागत करते हुए एक पोस्टर जारी किया। वहीं फैंस ने कमेंट्स में इस अंतरराष्ट्रीय जोड़ी पर खुशी जताई है। फिल्म स्पिरिट को संदीप रेड्डी वांगा डायरेक्ट कर रहे हैं, जो कबीर सिंह और एनिमल जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। इस महीने प्रभास के जन्मदिन पर पांच भाषाओं- तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में फिल्म स्पिरिट का साउंड स्टोरी टीजर जारी हुआ था। इस फिल्म में प्रभास और डॉन ली के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम किरदार में नजर आएंगे। कथित तौर पर पहले दीपिका पादुकोण लीड रोल में थीं, लेकिन शेड्यूल की समस्या से उन्होंने फिल्म छोड़ दी। अब यह रोल तृप्ति डिमरी को मिला है। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। यह भूषण कुमार और संदीप की भद्रकाली पिक्चर्स का प्रोजेक्ट है।

# बैटल ऑफ गलवां में सलमान के साथ नजर आएंगे गोविंदा



बॉलीवुड के 'पार्टनर' यानी सलमान खान और गोविंदा की जोड़ी अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आ सकती है। सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' को लेकर चर्चाओं में हैं। अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि इस फिल्म में सलमान खान के साथ गोविंदा भी नजर आएंगे। यानी लगभग 18 साल बाद दोनों अभिनेता एक साथ एक फिल्म में नजर आएंगे। बिग बॉस 19 के हालिया एपिसोड में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा शो में बतौर मेहमान शामिल हुईं। सलमान और सुनीता ने गोविंदा के साथ उनके फिर से साथ आने पर चर्चा की, जो अब फैंस के बीच वायरल है। दरअसल, सलमान ने इस दौरान ये कहा कि अब वो और गोविंदा एक साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, सलमान ने इस प्रोजेक्ट के नाम का खुलासा नहीं किया, लेकिन ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि गोविंदा वॉर ड्रामा 'बैटल ऑफ गलवां' में सलमान के साथ अभिनय करेंगे।

इन चर्चाओं के बीच कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया कि गोविंदा ने 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग भी शुरू कर दी है। 'बैटल ऑफ गलवां' अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म भारत और चीन के बीच 2020 के गलवान घाटी संघर्ष पर आधारित है, जो समुद्र तल से 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर बिना एक भी गोली चलाए लड़ा गया था। सलमान के अलावा फिल्म में चित्रांगदा सिंह भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी।



# रजनीकांत सिनेमा से लेंगे संन्यास? कमल हासन संग काम के बाद होंगे रिटायर

भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत एक ओर जहां 75 साल की उम्र में भी लगातार फिल्मों की शूटिंग में बिजी हैं, वहीं बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बीच उनके रिटायरमेंट की चर्चा शुरू हो गई है। जी हां, तमिल मीडिया में यह चौंकाने और दिल तोड़ने वाली खबरें सुर्खियां बटोर रही हैं कि थलाइवा अगले कुछ साल में फिल्मों से रिटायर हो सकते हैं। रजनीकांत फिलहाल नेल्सन के डायरेक्शन में बन रही जेलर 2 की शूटिंग कर रहे हैं, जो अगले साल रिलीज होगी। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि रजनीकांत बढ़ती उम्र के साथ आने वाली स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से घिरे हुए हैं। हालांकि, बावजूद इसके वह लगातार अपनी फिल्मों के कारण यात्रा भी कर रहे हैं। फिलहाल उनकी झोली में 4 अपकमिंग फिल्में हैं, जिनमें से एक फिल्म दिग्गज एक्टर कमल हासन के साथ है। बताया जाता है इस मल्टीस्टारर फिल्म के बाद रजनी सर सिनेमा से संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं।

## रजनीकांत की झोली में कम से कम 4 फिल्में

बीते दिनों आई कुली के बाद रजनीकांत इन दिनों जहां जेलर 2 में बिजी हैं, वहीं इसके बाद वह RKFI के साथ एक और फिल्म करेंगे, जिसका निर्देशन सुंदर सी कर रहे हैं। इसकी घोषणा कुछ हफ्तों में होने की उम्मीद है। इसके अलावा वह निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ भी एक फिल्म कर रहे हैं, जिसकी टाइमलाइन अभी नहीं आई है। फिलहाल, रजनीकांत के पास कम से कम 4 फिल्में पाइपलाइन में हैं।

बीते दिनों, कमल हासन और रजनीकांत दोनों ने इस बड़े प्रोजेक्ट की पुष्टि खुद की थी। हालांकि, अभी यह तय नहीं हुआ है कि इस फिल्म को कौन डायरेक्ट करेगा। खबरों में नेल्सन दिलीपकुमार का भी नाम है। कहा जा रहा है कि नेल्सन 2027 में इस फिल्म को फ्लोर पर लाने की योजना बना रहे हैं। लेकिन उससे पहले स्क्रिप्ट फाइनल किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का निर्माण कमल हासन की राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल द्वारा किया जाएगा। वलाईपेचु की रिपोर्ट के मुताबिक, यह थलाइवा रजनीकांत की आखिरी फिल्म होगी।



## रजनीकांत और कमल हासन करीब 4 दशक बाद साथ करेंगे काम

रजनीकांत और कमल हासन ने 1970 और 1980 के दशक में कई फिल्मों में साथ काम किया है, जिनमें अपूर्व रागंगल (1975) और 16 वैयाथिनिले (1977) जैसी सुपरहिट फिल्में शामिल हैं। पिछली बार वह करीब 4 दशक पहले पर्दे पर साथ दिखे थे।

भारत सरकार ने रजनीकांत को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए 2000 में पद्म भूषण और 2016 में पद्म विभूषण, और 2019 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया है। उन्हें एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, सात तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार, एक नंदी पुरस्कार, एक फिल्मफेयर पुरस्कार और दो महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं। रजनीकांत का असली नाम शिवाजी राव गायकवाड है। उन्होंने 1975 में अपूर्वा रागंगल फिल्म से डेब्यू किया था। कुली उनके करियर की 171वीं फिल्म थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in